दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन की पहली फिल्म की रिलीज तारीख आई



ला रहीं अपनी पहली हॉरर फिल्म....

वर्ष : 12 | अंक : 240 | लखनऊ, 24 अगस्त, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### चर्चित अभिनेत्री आशा सिंह का निधन



मुंबई। सिनेमा जगत ने एक और दिग्गज हस्ती को खो दिया है। फिल्म और टेलीविजन की अभिनेत्री आशा सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। आशा की मौत फेफड़ों के संक्रमण से लंबी लड़ाई के बाद हुई। वे बीमारी से जूझ रही थीं। मनोरंजन जगत का चहेता चेहरा रहीं आशा ने कई दशकों तक सिनेमा और टेलीविजन में अहम योगदान दिया।

### घी में मिलावट, 3 ब्रांडों की बिक्री पर लगी रोक




नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन के मामले में दो कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। नई दिल्ली की मार्शे रिटेल प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। दमन की एसडीपी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को सभी घी की बिक्री तुरंत बंद करने को कहा है।

### रोहित के पीए की बेटी की संदिग्ध हालत में मौत



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले में राकांपा (शरद गुट) के विधायक रोहित पवार के पीए की 12 वर्षीय बेटी का शव रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। बताया जा रहा कि शनिवार को बच्ची की अपनी मां से किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह गुस्से में अपने घर से निकल गई थी।

### मुंबई में गणेश प्रतिमा गिरी, 2 लोगों की मौत



मुंबई। भुलेश्वर इलाके में शनिवार रात भुलेश्वरचा राजा गणपति मंडल की करीब 3 टन वजनी गणेश प्रतिमा पंडाल में स्थापित करने से पहले ही गिर गई। हादसा बलराम मर्चेंट रोड, कबूतरखाना, जय अंबे चौक, भुलेश्वर इलाके में हुआ। बताया गया 22 अगस्त की रात में गणेश प्रतिमा के आगमन समारोह के दौरान यह हादसा हुआ।

ई20 इथेनॉल नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

## चीनी संकट पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर बड़ा हमला

# एथनॉल की वजह से बढ़ रही चीनी की कीमत, तत्काल समीक्षा करनी चाहिए

### गाड़ियों को हो रहे कथित नुकसान को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश



**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

छात्रों के खिलाफ हिंसा और राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर आक्रामक रणनीति अपना रही कांग्रेस ने अब पेट्रोल में 20 फीसद एथनॉल मिलावट से गाड़ियों को हो रहे कथित नुकसान को बड़ा मुद्दा बनाने का आधार तैयार करती दिख रही है। पार्टी ने एथेनॉल के चलते चीनी की कीमतों में उछाल के दावों के मद्देनजर ई-20 नीति की तत्काल समीक्षा की मांग की करते हुए जनता को बिना एथनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प दिए जाने की पैरोकारी की है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी की ओर से यह मांग उठाते हुए कहा कि गाड़ी भी महंगी पड़े और रसोई भी ऐसी जनविरोधी ईंधन नीति देश को स्वीकार्य नहीं हो सकती। एथेनॉल की वजह से चीनी की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की रिपोर्टों का हवाला देते हुए जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की अदूरदर्शी और जनविरोधी ई-20 नीति के कारण एक तरफ महंगाई बढ़ती जा रही है तो दूसरी तरफ वाहन मालिक कम माइलेज और वाहनों के खराब होने की दोहरी मार झेलने पर मजबूर हैं।




### तिवारी बोले — गन्ने के डायवर्जन से चीनी के दाम उछले, इसकी जांच की जाए



मनीष तिवारी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की सरकारी नीति और गन्ने के इस्तेमाल को लेकर तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि एथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के डायवर्जन से चीनी के दाम बढ़कर 70 रुपएप्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं तथा इससे वाहनों के इंजनों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। एथेनॉल बनाने के लिए गन्ने के इस्तेमाल के कारण देश में चीनी की कीमतें बढ़कर 70 रुपये प्रति किलो हो गई हैं। एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) से गाड़ियों के इंजन और माइलेज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह मांग की है कि एथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने और अन्य संसाधनों का आवंटन किस प्रकार किया जा रहा है, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए।

### खरगे ने केंद्र पर बोला हमला

## महंगाई और घटते स्टॉक पर केंद्र सरकार को घेरा



मल्लिकार्जुन खरगे

चीनी के दामों और नीतियों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। खरगे ने महंगाई और घटते स्टॉक पर सरकार को घेरा है। खरगे ने ई20 इथेनॉल नीति की समीक्षा की मांग की है। खरगे ने आगामी त्योहारों से ठीक पहले देश में चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। 9 साल के निचले स्तर पर स्टॉकः खरगे ने सवाल उठाया कि भारत जैसे बड़े चीनी उत्पादक देश में स्टॉक 9 साल के सबसे निचले स्तर पर कैसे पहुंच गया और सरकार को ड्यूटी-फ्री आयात का फैसला क्यों करना पड़ रहा है। खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले तीन महीनों में चीनी की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर महंगाई का सीधा बोझ पड़ा है।खरगे ने तर्क दिया कि एक तरफ देश में चीनी की किल्लत है और विदेश से आयात हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ गन्ने और अनाज को ई20 इथेनॉल ब्लेंडिंग में झोंका जा रहा है, जिसकी तुरंत समीक्षा होनी चाहिए।

### थरूर ने कहा — केंद्र सरकारआम जनता को राहत देने पर करे विचार



शशि थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में पेट्रोल में ई20 इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के रोलआउट, वाहन परफॉर्मेंस और जनता पर पड़ने वाले असर को प्रमुखता से उठाने की बात कही है। उन्होंने वैश्विक ऊर्जा संकट और ईंधन के बढ़ते दामों पर भी चिंता जताई है। सरकार के इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के कार्यान्वयन और वाहन मालिकों की चिंताओं को संसद में उठाने की घोषणा की।

### राउत भी भड़के — इन 12 सालों में क्या सस्ता हुआ, सप्लाई मोड़ी जा रही



संजय राउत

चीनी की आसमान छूती कीमतों पर शिवसेना के संसद संजय राउत काफी भड़क गए हैं। उन्होंने केंद्र की एनडीए सरकार के पूरे 12 साल के कार्यकाल पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि मोदी के 12 सालों में मौत सस्ती हुई है। राउत ने कहा कि इन 12 सालों में क्या सस्ता हुआ है? मोदी जी के राज में 12 साल बीत चुके हैं। क्या सस्ता हुआ है? मौत सस्ती हो गई है। हादसे सस्ते हो गए हैं।

### रिजिजू ने राहुल पर कसा तंज, सीख दी

# नदियों में हमारा सिर ऊपर होना चाहिए, नीचे नहीं, प्रशिक्षण लें

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के बीच फिटनेस को लेकर हल्की-फुल्की नोक-झोंक अकसर चलती रहती है। रिजिजू ने कहा कि राहुल को अरुणाचल की तेज बहाव वाली नदियों में तैरने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत पड़ सकती है।



रीजिजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं यहां का खिलाड़ी हूं। रीजिजू ने अरुणाचल की एक नदी में तैरते हुए अपना वीडियो पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, कई लोग कह रहे हैं कि मैं भी राहुल की तरह यह सब कर रहा हूं। मेरी जिंदगी में ये सब आम बात है। मैं इसके लिए प्रशिक्षण नहीं लेता। ऐसी तेज बहाव वाली नदियों में हमारा सिर ऊपर होना चाहिए, नीचे नहीं और शरीर ऊपर की ओर ज़्यादा सीधा होना चाहिए, न कि वैसा सीधा जैसा हम तैराकी की प्रतियोगिताओं में रखते हैं।

### अरुणाचल की नदियां गहरी, कई डूब चुके

नदी में कई लोग डूब चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश की नदियां बहुत बड़ी और गहरी हैं। रीजिजू ने बाद में एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें बताया कि अरुणाचल की नदियों में तैरना, तरण-ताल या शांत पानी में तैरने से अलग है। कुछ लोगों को लग सकता है कि अरुणाचल की तेज बहती नदियों में तैरना, तरण-ताल या यमुना जैसी नदियों में तैरने जैसा ही है। रीजिजू ने कुछ लोगों द्वारा उनकी तुलना राहुल से करने के बाद अरुणाचल में अपने बचपन का जिक्र करते हुए जवाब दिया। रिजिजू ने कहा था, राजनीति की बात नहीं, केवल फिटनेस की बात। मुझे उम्मीद है कि वे 'फिट इंडिया मूवमेंटको बढ़ावा देंगे। खबरों के मुताबिक राहुल ने रीजिजू से अपने साथ व्यायाम करने का प्रस्ताव किया। उनकी बातचीत मार्शल आर्ट्स पर भी हुई, जिसमें गांधी ने सुझाव दिया कि दोनों साथ में प्रशिक्षण लें।

## मंच से महिला अधिकारों की बात और राहुल ने बिल के खिलाफ वोटिंग की

मुंबई। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पुणे में दिए गए राहुल के वक्तव्य पर कहा कि राहुल गांधी मंच से तो महिला अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन महिलाओं को अधिकार देने के लिए उठाए जा रहे सबसे क्रांतिकारी कदम महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करते हैं और उसके खिलाफ वोट देते हैं। फडणवीस ने यह बात रविवार को नागपुर में आयोजित मंथन 4 युवा के समापन समारोह के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कही।



देवेंद्र फडणवीस

### झारखंड परीक्षा विवाद

## झड़प में 3 एफआईआर, 14 नामजद समेत 200 अज्ञात को आरोपी बनाया



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

झारखंड की राजधानी रांची में पुलिस और नौकरी के अभ्यर्थियों के बीच हुई झड़प के मामले में शनिवार को तीन प्राथमिकी दर्ज की गईं। इन मामलों में 14 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 200 से अधिक अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। एफआईआर रांची के कोतवाली थाने में सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस के साथ झड़प करने के आरोप में दर्ज की गई हैं। एसपी पारस राणा ने कहा, मामले में कोतवाली थाने में 14 नामजद और 200 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ 3 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। एक प्राथमिकी पुलिस की ओर से दर्ज कराई गई है। 2अलग-अलग व्यक्तियों की शिकायत पर दर्ज की गई हैं। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकने का प्रयास कर रहे थे। छात्र नेताओं ने राज्य सरकार पर नौकरी के अभ्यर्थियों को धोखा देने और विश्वासघात करने का आरोप लगाया है।

### राम मंदिर चंदा चोरी

## चंपत के 'लेटर बम' ने बढ़ाई गरमी ट्रस्ट और समिति में बढ़ रही दूरियां

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और राम मंदिर निर्माण समिति के बीच तल्खी अब सिर्फ चर्चाओं तक सीमित नहीं रह गई है।



ट्रस्ट और समिति के बीच बढ़ती दूरी का असर औपचारिक बैठकों में साफ दिखाई देने लगा है। चढ़ावा चोरी के बाद ट्रस्ट की हुई दो बैठकों से निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की गैरमौजूदगी और निर्माण समिति की जुलाई तथा 19 से 21 अगस्त तक हुई बैठकों से ट्रस्ट के किसी पदाधिकारी की दूरी ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले ट्रस्ट की ओर से चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और निर्माण प्रभारी गोपाल राव की मौजूदगी नियमित मानी जाती थी, वहीं अब यह प्रतिनिधित्व गायब है।

राय और मिश्र के पद से हटने के बाद ट्रस्ट की ओर से निर्माण समिति की बैठकों में किसी पदाधिकारी की मौजूदगी न होना गंभीर बना रहा है।

### विशाखापट्टनम में 'फ्रेंडशिप संडे ऑन साइक्लिंग'

## 11 देशों के खेल मंत्रियों ने दिया फिटनेस का संदेश

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के 'फ्रेंडशिप संडे ऑन साइक्लिंग' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनसुख एल मंडाविया ने फिटनेस के महत्व और फिट इंडिया मूवमेंट की बढ़ती पहुंच को रेखांकित किया। मंडाविया ने कहा कि यहां में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अवसर पर ब्रिक्स फ्रेंडशिप संडे ऑन साइक्लिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट लगातार आगे बढ़ रहा है। आज देशभर में 18,000 से अधिक स्थानों पर युवा संडे ऑन साइ किलिंग के जरिए फिटनेस का संदेश फैला रहे हैं।



### हरिद्वार संत समागम में बोले केंद्रीय मंत्री शिवराज

सीएम धामी ने किया समर्थन

## एक राष्ट्र-एक चुनाव से बचेगा करोड़ों का खर्च, बार-बार चुनाव बने 'बाधक'



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

हरिद्वार के प्राचीन अवधूत मण्डल आश्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संत समागम को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र-एक चुनाव की ताकत और आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बार-बार होने वाले चुनावों को देश की प्रगति के लिए बाधक बताते हुए संत समाज से इस संवैधानिक परिवर्तन के लिए जनजागरण का आह्वान किया। उत्तराखंड सीएण पुष्कर सिंह धामी ने भी चौहान के साथ जुड़कर समर्थन व्यक्त किया।

### यह देश के हित में आवश्यक

चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए इस आग्रह और संकल्प का खुलकर समर्थन करते हुए एक राष्ट्र-एक चुनाव की परिकल्पना को देश के हित में आवश्यक करार दिया। चौहान ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव राष्ट्र की विकास गति और जनसेवा को प्रभावित कर रहे हैं और समय, पैसा तथा प्रशासनिक ऊर्जा का भरी क्षय कर रहे हैं। लगातार चुनावों के कारण स्कूलों में पढ़ाई रुकती है, प्रशासनिक मशीनरी चुनाव की तैयारियों में लग जाती है और जनता तक विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। उन्होंने चुनावों की तैयारी पर लगने वाले समय और खर्च, जो रिपोर्ट के मुताबिक लाखों करोड़ तक पहुंचते हैं, को रोका जा सके तो देश लाभान्वित होगा। यदि चुनाव साथ हों तो संसाधनों की बचत होगी, चुनाव संबंधी समय की बचत होगी और प्रशासनिक ध्यान विकास पर केंद्रित रहेगा।

## युवाओं को आर्थिक स्थिति और स्थानीय रोजगार के हिसाब से प्रशिक्षण

# नीति आयोग ने स्किल गैप पर खड़े किए सवाल देश के 8.7 करोड़ युवा न पढ़ाई में, न कमाई में!

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत में युवाओं की शिक्षा और रोजगार को लेकर नीति आयोग की एक रिपोर्ट ने गंभीर तस्वीर सामने रखी है। रिपोर्ट के अनुसार 15 से 29 साल की उम्र के करीब 8.7 करोड़ युवा ऐसे हैं जो न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न नौकरी कर रहे हैं और न ही किसी तरह की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

इन्हे नीट श्रेणई में रखा है। आयोग ने कहा है कि इस बड़ी आबादी को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केवल डिग्री या सामान्य ट्रेनिंग काफी नहीं होगी।

सब्सिडी वाली ट्रेनिंग की जरूरत पर दिया जोर




### 2021 के आंकड़ों को बनाया आधार

नीति आयोग ने साफ किया है कि नीट युवाओं से जुड़े ये अनुमान 2021 में हुए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षणके आंकड़ों पर आधारित हैं। रिपोर्ट में देश के कामगारों और सीखने वाले लोगों को 5 प्रमुख समूहों में समझने की कोशिश की गई है। इनमें स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, औपचारिक और अनौपचारिक काम नीत युवा, महिलाएं और पढ़ाई के साथ कमाई करने वाले लोग शामिल हैं।

### आर्थिक जरूरतों के कारण योग्यता से कम स्तर की नौकरी स्वीकार कर रहे

रिपोर्ट में उच्च शिक्षा के बाद रोजगार की स्थिति पर भी सवाल उठाया गया है। भारत में केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही अपनी पढ़ाई के मुताबिक नौकरी कर रहे हैं। कम आय वाले परिवारों के छात्रों के लिए कॉलेज की फीस और ट्यूशन का खर्च पहले से ही चुनौती है। अलग से कौशल विकास पर पैसा खर्च करना उनके लिए आसान नहीं होता। कई युवा डिग्री पूरी करने के बाद परिवार की आर्थिक जरूरतों को देखते हुए अपनी योग्यता से कम स्तर की नौकरी स्वीकार कर लेते हैं। नौकरी पाने में परेशानी और जरूरी कौशल की कमी के कारण कुछ युवा आखिरकार नीट श्रेणी में पहुंच जाते हैं।

### आर्थिक परेशानी भी एक वजह

नीति आयोग के मुताबिक नीट श्रेणी में आने वाले कई युवाओं के सामने पैसों की समस्या भी है। परिवार की आमदनी सीमित होने के कारण पहले की पढ़ाई पर हुआ खर्च ही बोझ बन जाता है। ऐसे में महंगे कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की फीस देना उनके लिए मुश्किल होता है। ऐसे युवाओं और महिलाओं को कम कीमत वाली या सब्सिडी वाली ट्रेनिंग के साथ आर्थिक सहायता भी मिलनी चाहिए। नीति आयोग ने साफ किया है कि नीट युवाओं से जुड़े ये अनुमान 2021 में हुए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षणके आंकड़ों पर आधारित हैं।

# सवर्ण सांसद-विधायकों की निकाली गई सांकेतिक अर्थी, यूजीसी रोलबैक' के लगे नारे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सामान्य वर्ग का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है। सामान्य वर्ग लगातार यूजीसी रोलबैक'को लेकर अपनी आवाज उठा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सवर्ण मोर्चा संगठन से जुड़े ब्राह्मण और ठाकुर समुदाय के लोगों ने रविवार को यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

साथ ही आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल लोगों ने 'UGC रोलबैक'के नारे लगाए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथों में 'संवैधानिक अछूत' लिखी तख्तियां थीं। वह मांग रहे थे कि सरकार यूजीसी के नए नियमों को पूरी तरह से खत्म करे।

प्रदर्शनकारी वीमेन पावर लाइन चौराहे पर आधे घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद बैकुंठ धाम श्मशान घाट की ओर बढ़ने लगे। सड़क पर अचानक भीड़ उतरने से लंबा जाम लग गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सवर्ण सांसदों और विधायकों की सांकेतिक शव यात्रा निकाली। 'मुर्दा है भाई मुर्दा है, नेता हमारा मुर्दा है' के नारे लगाए। प्रोटेस्ट में शामिल लोग बैकुंठ धाम




पहुंचकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अवसर बंद किए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक यूजीसी का नया नियम पूरी तरह वापस नहीं लिया जाता और आरक्षण समाप्त नहीं होता, तब तक विरोध जारी रहेगा। दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बैकुंठ धाम से हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। यह प्रदर्शन सवर्ण मोर्चा के अध्यक्ष संदीप सिंह के आह्वान पर आयोजित किया गया था। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच थानों की पुलिस बल तैनात रही। करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी, अधिवक्ता इशांत सिंह समेत सैकड़ों युवाओं ने हाथों में 'संवैधानिक अछूत' लिखी तख्तियां लेकर अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान सवर्ण समाज से जुड़े सांसदों और विधायकों पर मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए उनकी प्रतीकात्मक शवयात्रा भी निकाली गई।

## 1090 चौराहे पर जुटे 300 से ज्यादा प्रदर्शनकारी

रविवार को सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोग 1090 चौराहे पर एकत्र हुए। प्रदर्शन में ब्राह्मण, क्षत्रिय और अन्य वर्गों से जुड़े लोगों के शामिल होने का दावा किया गया। प्रदर्शनकारियों ने वत्रृउ के नए नियमों और आरक्षण व्यवस्था को लेकर विरोध जताया। उनके हाथों में अलग-अलग संदेश लिखी तख्तियां थीं और वे 'वत्रृउ रोलबैक' के नारे लगा रहे थे। करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों ने जनप्रतिनिधियों की प्रतीकात्मक शवयात्रा शुरू कर दी।




## हजरतगंज और आसपास के रास्तों पर लगा जाम

प्रदर्शन और शवयात्रा के चलते लखनऊ के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ। वीमेन पावर लाइन चौराहे से बैकुंठ धाम, हजरतगंज, लोहिया पथ और वीआईपी गेस्ट हाउस की ओर जाने वाले रास्तों पर जाम की स्थिति बन गई। बताया गया कि जाम में एंबुलेंस समेत कई सरकारी और निजी वाहन भी फंस गए। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी।

# रहीमाबाद पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के मामले में रहीमाबाद पुलिस ने एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि एसीजे (जेडी) कोर्ट नंबर-34, लखनऊ की ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में पुलिस टीम ने औलियाखेड़ा गांव में दबिश दी। यहां से सरयू रावत (55) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वाद संख्या 3803964/11, अपराध संख्या 325/11 और धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के बेटे आनंद कुमार को दी गई। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।




# बूथ सशक्तीकरण पर भाजपा का मंथन

अमन लेखनी समाचार



निगोहाँ। भारतीय जनता पार्टी निगोहाँ मंडल की संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर रविवार को कुशमौरा एवं दयालपुर शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने,कार्यकताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त होगा उन्होंने कार्यकताओं से नियमित जनसंपर्क अभियान चलाने, नए मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने,सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन के निदेशों का पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ पालन करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं,बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने संगठन की आगामी गतिविधियों, सदस्यता विस्तार, बूथ सत्यापन और जनसंपर्क अभियानों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक वीरेंद्र अवस्थी एवं राजू त्रिवेदी ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक जिम्मेदारियों के निर्वहन,बूथ समितियों की नियमित बैठकों और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता समाज सेवा की भावना से कार्य करता और जनता के बीच उसकी सक्रिय उपस्थिति ही संगठन की सबसे बड़ी पहचान बैठक में मौजूद सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकताओं ने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, बूथों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया इस दौरान कार्यकताओं के बीच आपसी एकजुटता,अनुशासन, संगठन विस्तार और नियमित जनसंपर्क को लेकर विशेष चर्चा हुई। बैठक में दोनों शक्ति केंद्रों के सभी बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे अंत में मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# माता-पिता की स्मृति में 151 सदस्यीय टीम ने निकाली पैदल यात्रा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अपने दिवंगत माता-पिता की स्मृति को समर्पित करते हुए मलिहाबाद के नईबस्ती धनेवा गांव निवासी दिग्विजय सिंह उर्फ लल्ला मौर्य ने रविवार को 151 सदस्यीय टीम के साथ पैदल यात्रा निकाली। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत यह यात्रा गांव से शुरू होकर श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और विश्व कल्याण की कामना की। दिग्विजय सिंह उर्फ लल्ला मौर्य ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय बरातीलाल मौर्य और माता स्वर्गीय लज्जावती देवी की स्मृति में इस पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार सुबह करीब सात बजे उन्होंने अपने बंधु-बांधवों, परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के साथ गांव से नंगे पैर पैदल यात्रा शुरू की। श्रद्धालु पूरे रास्ते भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। करीब छह घंटे की



यात्रा में शामिल एमएलसी व अन्य

यात्रा के बाद दोपहर एक बजे सभी श्रद्धालु श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान सहित ईष्ट मित्रों और परिजनों की मौजूदगी में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर दिवंगत माता-पिता की आत्मा की शांति तथा समस्त विश्व के कल्याण की कामना की गई। इस दौरान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक यात्रा की क्षेत्र में सराहना की गई।

# साइबर जालसाजों ने आठ बार में लाखों रुपये किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के गूगल-पे अकाउंट से जुड़े एसबीआई और पीएनबी के बैंक खातों से साइबर जालसाजों ने बीते दिनों आठ बार में कुल 2.58 लाख रुपये पार कर दिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा बाजार निवासी पीड़ित आयुष गुप्ता के मुताबिक 12 जुलाई की शाम करीब सात बजे भुगतान करने के लिए उसने गूगल-पे से जुड़े दोनों बैंक खातों की जांच की। जाँच के दौरान उसके एसबीआई खाते में 66 हजार और पीएनबी खाते में नौ हजार रुपये देखकर उसके होश उड़ गए। उसने आनन फानन दोनों बैंकों में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर खाते बंद कराए। साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत की। उसका कहना है कि अगले दिन 13 जुलाई को दोनों बैंकों से स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि एसबीआई खाते से चार बार में 10-10 हजार और 20-20 हजार रुपये निकाले गए। वहीं पीएनबी खाते से 50 हजार, 30 हजार, 20 हजार और 98 हजार रुपये निकाले गए। इस तरह दोनों




खातों से कुल 2.58 लाख रुपये गायब मिले। आयुष का कहना है कि ठगी के दौरान उसे न कोई कॉल आई, न मैसेज मिला और न ही उसने किसी को ओटीपी बताया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाजों की तलाश शुरू कर दी है।

# जनता के साथ पार्टी के जुड़ाव को लेकर भेजा परिपत्र

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर जमीनी स्तर पर निरंतर कार्यक्रमों के माध्यमों से जनता के साथ पार्टी के जुड़ाव को और अधिक सघन करने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय द्वारा प्रदेश के समस्त जिला/शहर अध्यक्षों/पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, वर्तमान एवं पूर्व सांसद/विधायक से लेकर ब्लाक/वार्ड स्तर तक कांग्रेसजनों को इन कार्यक्रमों को वृहद पैमाने पर चलाने के लिए परिपत्र भेजा गया है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन-पूर्व मंत्री डा. सीपी राय ने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति में राम मंदिर के निर्माण में प्राप्त हुए चंदे एवं दान में आये चढ़ावे में ट्रस्ट में बैठे भाजपा, आरएसएस एवं विश्व हिन्दू परिषद के लोगों द्वारा किये गये गबन और भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गयी। यह मुद्दा पूरे देश में श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा और चंदा चोरी के नाम से जाना जाने लगा है। पार्टी ने इस मुद्दे को सीधे जनता के बीच ले जाने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस के निर्णय लिया है कि चंदा चोरी के खिलाफ चैपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिसे प्रत्येक जिला/ब्लाक मुख्यालय के साथ महत्वपूर्ण कस्बों में आयोजित किया जाए। इसके साथ ही जनता के बीच इस बात को प्रमुखता के साथ लाया जाए कि श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की घोषणा स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी 2020 में की थी इसलिए प्रधानमंत्री और भाजपा राम मंदिर के नाम पर एकत्र किए गये चंदे की पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े सवालों से खुद को अलग नहीं कर सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के द्वारा छात्रों के समर्थन में चलाये जा रहे कार्यक्रम छात्रों की गूंज कार्यक्रम की समीक्षा की। इस कार्यक्रम में हो रहे पेपर लीक, परीक्षाओं और भर्ती में भ्रष्टाचार, मंहगी शिक्षा, शिक्षा के व्यवसायीकरण, बेरोजगारी की वजह से युवाओं में भविष्य को लेकर बढ़ती चिन्ता के मुद्दों को शामिल किया गया है।

# प्रयागराज में जलभराव पर डिप्टी सीएम सख्त

- **100 साल को ध्यान में रखकर बनेगी फूलप्रूफ कार्ययोजना**
- **बाढ़ प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा देने के निर्देश**

**प्रयागराज।** शहर में लगातार बारिश के बाद जलभराव और जिले के कुछ हिस्सों में बाढ़ की स्थिति को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए अगले 100 वर्षों को ध्यान में रखकर फूलप्रूफ कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को सर्किट हाउस के सभागार प्रयागराज में प्रधानमंत्री पोषण योजनान्तर्गत कार्यरत रसोइयों सम्मान समारोह कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्ययोजना तैयार करते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझावों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल अस्थायी जल निकासी की व्यवस्था से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्थायी समाधान के लिए गुणवत्ता के साथ काम कराया जाना चाहिए। बैठक में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि कोरांव और बारा तहसील के कुछ गांवों में बाढ़ का पानी भर गया था। प्रभावित लोगों को तत्काल बाढ़ राहत केंद्रों पर पहुंचाकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री



ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाकर फसलों और अन्य नुकसान का सर्वे कराने तथा पात्र किसानों एवं प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सा टीमों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। शहर में जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों ने जल निकासी के लिए प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी।

नगर आयुक्त ने बताया कि भविष्य में जलभराव रोकने के लिए 40 एमएलडी पंपिंग स्टेशन और सीएमपी से मोरी गेट तक अलग लाइन बनाए जाने को शासन स्तर से स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा 80 फीट रोड और डांडिया नाले के चौड़ीकरण का कार्य भी स्वीकृत किया गया है। कुंदन गेस्ट हाउस से कब्रिस्तान के पीछे ईडब्ल्यूएस कॉलोनी होते हुए अल्लापुर पंपिंग स्टेशन तक बाईपास नाला बनाए जाने की भी योजना है। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शहर में जहां भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो, वहां 24 घंटे के भीतर जल निकासी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शहर में पहले से बनाई गई सीवर लाइनों की मैपिंग कराने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में अधिकारियों को सीवर नेटवर्क की सही जानकारी उपलब्ध रहे। बैठक में मेडिकल चौराहों पर अत्यधिक जलभराव की समस्या विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव ने उठाई। गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के कार्यों को लेकर लोगों से मिली शिकायतों पर उपमुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित कार्यों का दोबारा स्थलीय निरीक्षण करने और कमियों को तत्काल दूर कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा के कछारी क्षेत्रों में अवैध कब्जे और अवैध निर्माण पर लगातार निगरानी रखने को कहा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गंगा के कछारी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या कब्जा नहीं होने दिया जाए।

# रविदास महाराज की जयंती पर निकाली कलश यात्रा



**लखनऊ।** संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से कलश यात्रा निकाली गयी। पश्चिम विधानसभा के मंडल एक स्थित मनपुर्णा मंदिर से मसानी देवी मंदिर तक यात्रा गयी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पहुंचकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। महिलाओं एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की। वातावरण संत रविदास महाराज जी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के बाद वेद अमरीश सोनवानी के आवास पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने क्षेत्रीय लोगों के साथ समरसता भोज में भी सहभागिता की। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज को बिना भेदभाव के एकजुट रहने, श्रम का सम्मान करने और मानवता को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को सामाजिक समरसता और एकता की दिशा में प्रेरित करते हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि संत रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के अवसर पर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्राओं एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# जाट समाज का ठेका आप ले भी नहीं पाओगे: सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने जयंत चौधरी के उस बयान पर कटाक्ष किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने जाट समाज का ठेका नहीं लिया है। सुनील सिंह ने कहा कि जाट समाज का ठेका आप ले भी नहीं पाओगे, क्योंकि जाट समाज कोई ठेका नहीं है और अब समाज राजनीति की असलियत को अच्छी तरह समझ चुका है। उन्होंने कहा कि पहले जाट समाज के नाम पर राजनीति की गई, समाज के समर्थन से राजनीतिक ताकत हासिल की गई, लेकिन आज जब जाट समाज और किसानों के सवालों पर जवाब देने की बारी आई तो कहा जा रहा है कि समाज का ठेका नहीं लिया है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि सवाल ठेका लेने का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने का है।

# आधुनिक इमरजेंसी मेडिसिन से जीवनरक्षक व्यवस्था कर रहे विकसित : ब्रजेश पाठक

## इमरजेंसी चिकित्सा सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली की रखी आधारशिला, पीजीआई में अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था किसी भी सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली की महत्वपूर्ण आधारशिला है। गंभीर एवं आकस्मिक परिस्थितियों में मरीज को समय पर सटीक उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं और अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे रविवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन एम्पार्व- 2026 को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा किसी भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की पहली सुरक्षा-पंक्ति है। संकट की घड़ी में मरीज को सही समय पर सही उपचार मिलना ही जीवन बचाने की सबसे बड़ी कुंजी है। सड़क दुर्घटना, हृदयाघात, स्ट्रोक, सेप्सिस, विषाक्तता अथवा गंभीर चोट जैसी आपात स्थितियों में हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है। अस्पताल तक पहुंचने का



समय, चिकित्सक का त्वरित निर्णय, प्रशिक्षित टीम की तैयारी और उपचार की गति जीवन और मृत्यु के बीच अंतर तय कर सकती है। इसलिए आधुनिक एमरजेंसी मेडिसिन को केवल एक स्पेशियलिटी के रूप में नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य तंत्र की जीवनरक्षक व्यवस्था के रूप में विकसित करना होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एम्पार्व- 2026 इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ और युवा रेजिडेंट्स को ज्ञान, कौशल, प्रशिक्षण एवं नवाचार के साझा मंच पर ला रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 21 हैंड्स-ऑन वर्कशॉप, एक हजार से अधिक डेलीगेट्स और लगभग 180 राष्ट्रीय फैकल्टी सदस्यों की सहभागिता के साथ अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर एवं मध्य-पूर्व सहित विभिन्न देशों के विशेषज्ञों की उपस्थिति इसे वैश्विक स्तर का महत्वपूर्ण चिकित्सा सम्मेलन बनाती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में उच्च गुणवत्ता वाली आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह सकतीं। सरकार का संकल्प है कि गांव से लेकर महानगर तक, हर जिले में और हर जरूरतमंद व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण इमरजेंसी केयर पहुंचे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एंड इमरजेंसी नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, ट्रॉमा सेंटरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, एंबुलेंस सेवाओं, विशेषज्ञ चिकित्सकों और डिजिटल रेफरल प्रणाली को एक नेटवर्क से जोड़ना है, ताकि गंभीर मरीज को गोल्डन ऑवर के भीतर आवश्यकता के अनुरूप सही स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। डिप्टी सीएम ने कहा कि स्वस्थ एवं सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष, निदेशक, एसजीपीजीआई प्रो० राधा कृष्ण धीमान, निदेशक, एसोसिएशन ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन एजुकेटर्स डा. सेलवाराजन केवी, इमरजेंसी मेडिसिन निजाम, आईएमएस की सीनियर प्रोफेसर आशिमा शर्मा, अध्यक्ष, इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन डा. रणवीर त्यागी, विभाग अध्यक्ष, एमरजेंसी मेडिसिन विभाग, एसजीपीजीआई, प्रोफेसर आरके सिंह, ऑगेनाइजर चेयरमैन डॉ० मेजर संजय सिंघल उपस्थित रहे।

# हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार और लूट: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पूरे सिस्टम को भ्रष्ट बना दिया है। हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार और लूट है। कन्नौज में पुलिस की गाड़ी से हुए एक्सीडेंट में सोने की तस्करी का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार टक्कर लगने के बाद जब कार सवार भागने लगे तो पुलिस ने पीछा करके उन्हें पकड़ा और तलाशी के दौरान गाड़ी से एक-एक किलो के 26 सोने के बिस्कुट पकड़े लेकिन दिखाए गए केवल 10 किलो के बिस्कुट। ये भाजपा सरकार की पुलिस की माया है, दस दिखाया, सोलह गटकाया। श्री यादव ने कहा कि अब ध्यान ये रखना है कि कहीं पुलिस दिखाए गए बिस्कुटों को भी पीली धातु कहकर सरकारी हिसाब में दर्ज न कर ले और बाद में पीतल के बिस्कुट से बदलकर ये सारे सोने के बिस्कुट भी गटक न जाए। उन्होंने कहा कि नेपाल से गोरखपुर और गोरखपुर से दिल्ली, यही है डबल इंजन के डबल गोरखधंधे का असली रास्ता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ऊपर से नीचे तक हर जगह धांधलेबाजी, कमीशनखोरी, लूट चल रहा है। झूठे केस, झूठे आरोप और फर्जी एनकाउंटर करवाकर भाजपा सरकार ने पुलिस की छवि को पहले से ही बर्बाद कर दिया है। इसी तरह से अन्य विभागों और कार्यों में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है।

# डंपर ने पिकअप में मारी टक्कर, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार डंपर ने एक पिकअप में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस के माध्यम से लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के मगरवारा स्थित नेहरू बाग निवासी चालक शैलेंद्र कुमार (25) रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे अपनी पिकअप वाहन लेकर सुल्तानपुर से किसान पथ होते हुए उन्नाव जा रहा था। तभी रायबरेली रोड की ओर से कानपुर रोड की तरफ जाते समय बिजनौर थाना क्षेत्र में सरोजनीनगर तहसील के पास किसान पथ पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी पिकअप में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी कंक्रीट की रेलिंग में जा घुसी। इस हादसे में पिकप चालक शैलेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद डंपर चालक अपना वाहन लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल पिकअप चालक शैलेंद्र कुमार को एंबुलेंस बुलाकर लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी एक युवती को शादी के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। तहरीर में लिखा कि सियादुलारी पत्नी सियाराम 09 अगस्त 2026 को किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थीं। 14 अगस्त 2026 को जब वह वापस घर लौटीं, तो उनकी 18 वर्षीय पुत्री घर पर मौजूद नहीं थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जानकारी मिली कि सनगांव ( थाना कोतवाली नगर, जनपद फतेहपुर ) निवासी बिल्ला और उसकी मां सकीला मिलकर सोनाली देवी को शादी कराने का झांसा देकर और बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गए हैं। पीड़िता कि तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### बच्चों के विवाद में बड़ों ने की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंभी निवासी बाबू लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके घर के पास गोवर्धन का 14 वर्षीय लड़का और उनका छोटा बेटा प्रिंस आपस में विवाद कर रहे थे। इसी बात को लेकर गांव के ही छोटे लाल पुत्र रामदास गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी छोटे लाल ने लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर के अंदर फांसी लगा ली सुबह बेटी ने शव लटकते देखा तो चीख पुकार मच गयी मृतक के भाई ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के जसुवा पुर गांव निवासी सुरजीत यादव पुत्र स्व शिव प्रताप यादव 46 की पत्नी की 8 पहले मौत हो चुकी है मृतक की एक बेटी अंकिता दो बेटे निखिल व नितिन के साथ शनिवार की रात खाना खा कर अपने कमरे में सोने चला गया जबकि बच्चे दूसरे कमरे में सोने चले गए रविवार की सुबह मृतक की बेटी ने चाय बनाई और पिता को देने के लिए उसके कमरे में गयी जहां रस्सी के सहारे शव लटक रहा था पिता का शव लटकते देख शोर मचाया जिस पर ग्रामीण और मृतक का छोटा भाई रजेपाल मौके पर पहुंचा और घटना की सूचना पुलिस को दी घटना की सूचना पर पावा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया इस सम्बंध में चौकी प्रभारी का कहना है कि परिजनों से जानकारी मिली कि मृतक पत्नी की मौत के बाद से नशा करने लगा था अभी किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की बिधिक कारवाई की जायेगी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र में रक्षाबंधन का पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के ब्लाक रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र में आज रविवार को रक्षाबंधन का पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने सभी जिज्ञासुओं को पांच विकारों से मुक्ति पाने की शपथ दिलाई।

केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार इन पांच विकारों के वशीभूत होकर आज का समाज अपार दुःख में डूबा हुआ है। इन्हीं विकारों के कारण समाज में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार केवल भाई बहन तक ही सीमित नहीं है। बल्कि सभी मनुष्य मात्र को स्वयं की बुराइयों से रक्षा करने की जरूरत है। तभी हम एक भय मुक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। बुराइयों से अपनी रक्षा स्वयं करें तो समाज में किसी तरह के विवाद नहीं हो सकते। उन्होंने रक्षाबंधन पर्व का मर्म भी बताया। कहा कि सर्वप्रथम पांचों विकारों के बंधन से स्वयं की रक्षा करना है और आत्मा व परमात्मा का ज्ञान प्राप्त कर सर्वसमाज को विकारों के बंधन से मुक्त कराना है। तभी भारत में सतयुग का आगमन संभव है। उन्होंने सभी जिज्ञासुओं की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनसे एक-एक अवगुण का त्याग करने की प्रतिज्ञा ली। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता रंजीत कुमार ने कहा कि सभी भाई-बहनों को परमात्मा का सच्चा ज्ञान प्राप्त कर स्वराज्य अधिकारी बनना है। स्वराज्य अधिकारी का अर्थ अपनी ज्ञानेंद्रियों पर विजय प्राप्त कर उन्हें आदि सनातन देवी-देवता धर्म के श्रेष्ठ मत की ओर अग्रसर करना है। समारोह में बृजेश द्विवेदी, श्यामेंद्र सिंह, महेश फौजी, देवी प्रसाद, अनुराग शर्मा, शिवपाल यादव, निर्मल बाबू, रमेश चंद्र, हुकुम सिंह, सर्वेश पाल, अर्चना मिश्रा, सरला गुप्ता, शशि गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, बीना कनौजिया, सुमन शर्मा, उमा कनौजिया, वर्तिका यादव, अरुणा सिंह व अनिला कुशवाहा आदि सहित सैकड़ों जिज्ञासु शामिल रहे।

# पीएम पोषण योजना अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील सभागार में पीएम पोषण योजनांतर्गत कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बेसिक विद्यालयों की रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने विधायक श्रीकांत कटियार एवं उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला का माल्यार्पण कर सम्मान किया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार ने शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा में शामिल कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी ने सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प कर प्रदेश में विकास की एक नई दिशा दी है। प्रदेश सरकार गरीब बच्चों को निःशुल्क जूता, मोजे, पुस्तके एवं बैग उपलब्ध करा रही है। उन्होंने रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी वितरित किए। उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने कहा कि सभी मातृ रूपी रसोईया ही गरीब बच्चों को अच्छा एवं गुणवत्ता पूर्ण भोजन परोस रही है। आपका मातृत्व ही बच्चों को अच्छी पोषणता प्रदान करेगा। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा यदि किसी विद्यालय में एमडीएम संबंधी कोई समस्या हो तो हमें लिखित रूप से अवगत कराए। कार्यक्रम का संचालन संदर्भ दाता राजकुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर गंजमुरादाबाद के पूर्व चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा, अखिलेश सिंह, शुभम कटियार, धर्मेंद्र राजपूत, सतीश दीक्षित, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अजय पाल सिंह, अवधेश कटियार, राहुल, मनोज यादव, शिखा, वंदना पाल, ठाकुर प्रसाद, अवधेश यादव, अजय सांगा, विजय मिश्रा, निजाम अहमद, कोमल, अनुपम शुक्ला, अखिलेश कनौजिया, प्रेम सागर, खेमराज सिंह, मनीष वर्मा, आशाराम, धीरज, अजय सिंह एवं रसोईया मान कुमारी, सुनीता देवी, छून्नी, सरोजनी, अंतिमा, कलावती, रानी देवी, रूबी सहित दो सैकड़ा शिक्षक उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के 27 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 10, महिला थाना से 05, थाना बांगरमऊ, थाना पुरवा, थाना मौरावां, थाना सोहरामऊ, थाना कोतवाली सदर से 02- 02, थाना बारासगवर व थाना आसीवन से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में गैस्ट काउंसलर संध्या, सिंह प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह, प्र0नि0 महिला थाना रेखा सिंह, प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ0 आशीष श्रीवास्तव एवं सलाहकारों में अबरार हुसैन, रामसनेही यादव, संजय चौरसिया, डॉक्टर मनीष सिंह एवं सहयोगी सलाहकार शिवेंद्र सिंह चौहान, अवसार अली खान, डॉक्टर सगीर अली खान तथा पुलिस टीम में अंशू रानी, चिंतन बूटार, साधना, सेविका, दीपा सिंह, प्रेमलता, स्वाती, स्वाती यादव, बबली, पूजा, नीतू तरूण रानी, रीता, ममता, करिश्मा शिखा का विशेष योगदान रहा।

# महादेव मंदिर परिसर में भव्य रुद्राभिषेक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत गांव पट्टी उस्मान मे स्थित गौरीशंकर महादेव मंदिर में प्रति वर्ष की भांति पवित्र श्रवण मास को भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ जिसमें हर-हर महादेव के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो उठा। क्षेत्र के गांव पट्टी उस्मान मे स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध बाबा गौरीशंकर महादेव मंदिर में आज शिव भक्त जितेन्द्र तिवारी द्वारा श्रद्धा एवं विश्वास से विधिपूर्वक रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामवासियों समेत क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत तथा पुष्प अर्पित कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। भोलेनाथ के दिव्य श्रृंगार के साथ मंदिर परिसर शिवभक्ति से सराबोर हो गया। शिवलिंग को बेलपत्र, चंदन, फूलों की मालाओं से सजाया गया। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोषों के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया । रूद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम आचार्य रामू तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्रपाठ और शिव स्तुति से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस बाबा गौरीशंकर महादेव मंदिर में सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में स्थित शिवलिंग इस धाम की प्राचीनता और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक है। इस मौके प्रकाश चन्द्र दीक्षित , दिनेश चंद्र त्रिवेदी हरिशंकर द्विवेदी, रामराज कुशवाहा सौरभ कुशवाहा आदि मौजूद रहे ।

# आगामी त्यौहारों को लेकर एसडीएम ने थाना परिसर मे पीस कमेटी की बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। एसडीएम आनन्द कुमार नायक ने रविवार को थाना बिहार परिसर मे पीस कमेटी की बैठक मे कहा कि पुलिस अफवाहबाजों पैनी नजर रख रही है। त्यौहारो पर पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। आगामी त्यौहारों बारावफात, रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी और गणेश उत्सव जैसे धार्मिक आयोजन के दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण तरीक से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है । उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना पर डायल 112 पर सूचना दें । कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें । बैठक में क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा ने कहा का सूचना मिलने पर शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । बैठक मे थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चीनी के दाम आसमान में पहुंचने से उपभोक्ताओं में हाहाकार , जनता ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय बाजारों में इन दिनों आम आदमी की रसोई का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। चीनी की कीमतों में अचानक आए बेतहाशा उछाल ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। खुले बाजार में चीनी का भाव 70 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है, जिससे आम जनता के बीच भारी हाहाकार मचा हुआ है। बढ़ती महंगाई ने त्योहारों और रोजमर्रा के खान-पान के समीकरण को बिगाड़ कर रख दिया है। अभी कुछ समय पहले तक चीनी आसानी से 40 से 45 रुपए प्रति किलो के भाव मिल जाती थी, उसके दाम आसमान छूने लगे हैं। गृहणियों का कहना है कि दाल, तेल, और सब्जियों के बाद अब चीनी के दाम इस कदर बढ़ जाने से घर चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। ?मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों के लिए हर महीने का राशन का गणित गड़बड़ा गया है। चाय की दुकान चलाने वाले छोटे दुकानदारों और मिष्ठान विक्रेताओं (हलवाइयों) पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है, क्योंकि उनके व्यवसाय की मूल लागत काफी बढ़ गई है। ?स्थानीय नागरिकों और व्यापारिक संगठनों ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की है। जनता का कहना है कि यदि जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर शिकंजा नहीं कसा गया, तो कीमतें और अधिक बेकाबू हो सकती हैं। सरकार को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। राशन की दुकानों और खुले बाजार में सरकारी नियंत्रण के जरिए चीनी की कीमतों को नियंत्रित किया जाए, ताकि आम आदमी को इस महंगाई से कुछ राहत मिल सके। ₹ स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से मांग की है कि वह तुरंत बाजारों का औचक निरीक्षण करे और मुनाफाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि चीनी के दाम वापस सामान्य स्तर पर आ सकें।

# विद्यालय की रसोइया को भव्य समारोह में सीएम ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अटवा मोहाल ओसिया का नाम प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में गूंजा। विद्यालय की रसोइया खिलाना देवी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में प्रदेश की चयनित 11 रसोइयों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी प्रदान किए गए। सम्मानित होने वाली रसोइयों में विकासखंड सफीपुर के प्राथमिक विद्यालय अटवा मोहाल ओसिया की रसोइया खिलाना देवी भी शामिल रहीं। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिलने की जानकारी विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक आशुतोष श्रीवास्तव, शिक्षक रतन शुक्ला, अमित अवस्थी, रामबालक तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि



विनीत तिवारी सहित अन्य लोगों ने श्रीमती खिलाना को बधाई देते हुए उनके सम्मान को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। विद्यालय परिवार ने कहा कि रसोइया खिलाना की मेहनत और समर्पण को प्रदेश स्तर पर पहचान मिलना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

# विकास भवन में रसोइयों का सम्मान समारोह, कैशलेस कार्ड वितरित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकास भवन सभागार में शनिवार को पीएम पोषण योजना के तहत बेसिक शिक्षा विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों का सम्मान समारोह और कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता और सदर विधायक पंकज गुप्ता की मौजूदगी में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 11 रसोइयों को सम्मानित किया इसी क्रम में उन्नाव में जिलाधिकारी घनश्याम मीना और जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने पांच रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड और बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक देकर शुभकामनाएं दीं। जिले में बेसिक शिक्षा के 6148 रसोइयों को इसका लाभ मिलेगा। सरकार ने रसोइयों का मानदेय 2000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है, 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी है, कार्य के दौरान हादसे पर 2 लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा तय की है और साड़ी के लिए मिलने वाली राशि 500 से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मिड-डे मील में स्वच्छता और गुणवत्ता पर जोर देने को कहा, वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि रक्षाबंधन पर सरकार ने चार योजनाओं से जोड़कर बड़ा तोहफा दिया है। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया और लखनऊ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस मौके पर परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, डीडीओ शैलेश पांडेय समेत बड़ी संख्या में रसोइयां और अधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद में स्व. अजीत सिंह की जयंती पर 'रन फॉर न्यू उन्नाव मैराथन, युवाओं में दिखा जोश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पूर्व विधान परिषद सदस्य और वरिष्ठ नेता स्व. अजीत सिंह की जयंती के अवसर पर रविवार को 'रन फॉर न्यू उन्नाव' मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। इस मैराथन के साथ ही उनकी 22वीं पुण्यतिथि तक चलने वाले सामाजिक और सेवा कार्यों की श्रृंखला की शुरूआत हो गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और सकारात्मक सोच के प्रति जागरूक करना था। रविवार सुबह 6 बजे शहर के गांधी नगर तिराहा स्थित कलम तलवार चौराहे से मैराथन की शुरूआत हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर चार किलोमीटर की दौड़ को रवाना किया। यह दौड़ शहर के निर्धारित मार्गों से होते हुए निराला प्रेक्षागृह में संपन्न हुई। मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं सहित अन्य वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे रास्ते उत्साह का मा ौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि यातायात बाधित न हो। वहीं प्रतिभागियों की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की टीम भी मौके पर मौजूद रही। रेस के हर प्वाइंट पर आयोजक मंडल की टीम ने निगरानी रखी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई थीं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ने बताया कि सभी साथियों ने कड़ी मेहनत की। वहीं पर दौड़ के दौरान बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी आयोजकों को सौंपी गई थी, विभिन्न प्वाइंटों पर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम स्थान पाने वाले को 21 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर 11 हजार और तृतीय स्थान पर 5,100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। आयोजकों के अनुसार स्व. अजीत सिंह की सामाजिक सेवाओं की स्मृति को जीवित रखने के लिए 23 अगस्त से 5 सितंबर तक लगातार विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा आयोजकों में जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह चंदेल कुश सिंह मनीष सिंह प्रभात सिंह नरेंद्र सिंह सुनील मिश्रा बबलू सिंह चंदेल अवधेश दीक्षित नीशू सिंह अभिनीत सिंह सुनील सिंह समेत हजारों लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई

# निमार्णाधीन नाले में सरिया के जाल पर गिरा मजदूर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में उन्नाव हरदोई मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निमार्णाधीन नाले में लोहे की सरिया का जाल डाल दिया गया शनिवार की रात मजदूरी कर घर जा रहा श्रमिक अंधेरे के चलते उसी में गिर गया जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया परिजन अस्पताल ले जा रहे थे इसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गयी रविवार अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया दोपहर बाद पीएम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया जिसका परियर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना क्षेत्र के अकबर पुर दबौली गांव निवासी रुप सिंह पुत्र जगत पाल सिंह 55 मजदूरी करता था शनिवार को वह उन्नाव मजदूरी करने गया था जहां से देर रात वापस किसी साधन से गांव के उतर कर घर की ओर जा रहा था गांव के पास उन्नाव हरदोई मार्ग के किनारे लोक निर्माण विभाग द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है शनिवार नाला खुदाई के बाद लोहे की सरिया का जाल बिछाया गया था मृतक अंधेरे मे समझ नहीं पाया और निमार्णाधीन नाले में बिछी लोहे की सरिया पर गिर गया जिससे गभींर रुप से घायल हो गया चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और गभींर हालत में जिला अस्पताल ले गए जहां से उसे हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी मृतक की एक बेटी गोल्डी बेटा अमन है पत्नी मीरा पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए भेज दिया गया है तहरीर के आधार पर आगे की बिधिक कारवाई की जायेगी।

# कतर्नियाघाट में एक महीने में छह तेंदुए पिंजरे में कैद, फिर भी दहशत बरकरार

## आबादी में लगातार दिख रहे तेंदुए, बढ़ रहा मानव-वन्यजीव संघर्ष

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तेंदुओं की बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। वन विभाग ने पिछले एक महीने में अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाकर छह तेंदुओं को पकड़ लिया है, लेकिन इसके बावजूद आबादी और खेतों में तेंदुओं की आवाजाही लगातार जारी है। वन्यजीवों के हमलों और उनकी मौजूदगी से ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की आबोहवा जंगली जानवरों को खूब रास आ रही है। पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में बाघ और तेंदुओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। बाघों की संख्या बढ़ने से जंगल में तेंदुओं के लिए सुरक्षित जगह कम हो रही है। बाघों के डर से तेंदुए जंगल से बाहर निकलकर जंगल से सटे खेतों और गन्ने जैसी घनी फसलों में अपना ठिकाना बना रहे हैं। इसके चलते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। वन विभाग तेंदुओं की सक्रियता वाले क्षेत्रों में वनकर्मियों की निगरानी बढ़ाने के साथ पिंजरे भी लगा रहा है। इसी क्रम में एक महीने के भीतर छह तेंदुए पिंजरे में कैद किए जा चुके हैं। इसके बावजूद कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में बाघ और तेंदुओं की आवाजाही से भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण घरों से निकलने और खेतों में जाने में भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### एक महीने में इन जगहों पर पकड़े गए तेंदुए

20 अगस्त को ककरहा रेंज के ढोढ़ेपुरवा में वयस्क नर तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ। 13 अगस्त को बाजपेयीपुरवा में मादा तेंदुआ पकड़ी गई। 11 अगस्त को मोतीपुर क्षेत्र के दौलतपुर नई बस्ती में करीब सात वर्ष का नर तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ। इससे पहले चार अगस्त को सुजौली के त्रिलोकीगौढ़ी में करीब चार वर्ष का नर तेंदुआ पकड़ा गया था। 31 जुलाई को ककरहा क्षेत्र में मादा तेंदुआ पिंजरे में कैद हुई। वहीं 20 जुलाई को अहिरनपुरवा में बुजुर्ग पर हमले के बाद करीब पांच वर्ष की मादा तेंदुआ पकड़ी गई थी।

### छह तेंदुए पकड़े, फिर भी नहीं थमी दहशत

लगातार तेंदुओं को पकड़ने के बाद भी ग्रामीण इलाकों में उनकी सक्रियता बनी हुई है। इससे साफ है कि केवल तेंदुओं को पकड़ना ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। ग्रामीणों को भयमुक्त माहौल देने के लिए वन विभाग को तेंदुओं के सुरक्षित वास की व्यवस्था और उनकी आबादी वाले क्षेत्रों में आवाजाही रोकने के लिए ठोस योजना बनानी होगी। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि जंगल के आसपास के लोग सतर्कता बरतें जिस क्षेत्र में तेंदुओं की सक्रियता है वहां पर लोग अकेले ना निकले समूह में हाथ में डंडा लेकर निकले घरों के आसपास की झाड़ियां साफ रखें। वन्य जीव दिखने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करें।

## सम्पादकीय

# पाक को उसी की भाषा में जवाब

भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रम यह संकेत जरूर दे रहे हैं कि अब भारत पाकिस्तान की हर कार्रवाई का जवाब पहले की तरह केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित रखने के मूड में नहीं है। दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर तय सीमा से बाहर बने ढांचों को बुलडोजर से हटाया जाना इसी बदले हुए रुख का संकेत है। खास बात यह है कि यह कार्रवाई उस घटना के दो दिन बाद हुई, जब इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर सुरक्षा बैरिकेड और पार्किंग पोल हटाए गए थे। ऐसे में दोनों घटनाओं को अलग-अलग करके देखना मुश्किल है। इससे भारत ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया है। भारत ने हालांकि पाकिस्तान हाई कमीशन की मुख्य इमारत या उसके मुख्य प्रवेश द्वार को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। कार्रवाई बैरिकेड, फेंसिंग और वीजा सेक्शन के पास कतार प्रबंधन के लिए बनाए गए उन ढांचों तक सीमित रही, जिन्हें अधिकारियों के अनुसार निर्धारित सीमा से बाहर बनाया गया था। यही अंतर महत्वपूर्ण है। भारत ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि कार्रवाई किसी राजनयिक मिशन के खिलाफ नहीं, बल्कि नियमों के उल्लंघन के खिलाफ है। यह घटनाक्रम पाकिस्तान के लिए स्पष्ट संदेश है कि नियमों की अनदेखी का जवाब भारत अब केवल बयान देकर नहीं देगा। यदि इस्लामाबाद में भारतीय मिशन के बाहर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े ढांचे हटाए जाते हैं तो नई दिल्ली भी अपने अधिकार क्षेत्र में नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। इसे बदले की कार्रवाई कहने के बजाय बराबरी के व्यवहार का संदेश कहना ज्यादा उचित होगा। भारत-पाकिस्तान संबंधों में यह बात विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों देशों के बीच भरोसे की कमी पहले से गहरी है। सीमा पार आतंकवाद, कश्मीर और राजनयिक स्तर पर लगातार होने वाली बयानबाजी ने रिश्तों को संवेदनशील बना रखा है। इसी बीच कश्मीर को लेकर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की टिप्पणी ने पाकिस्तान की बेचैनी और बढ़ा दी है। श्रीनगर दौरे के दौरान कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताए जाने और अमेरिकी ट्रैवल एडवाइजरी की समीक्षा की संभावना ने इस्लामाबाद को प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर किया। पाकिस्तान ने अमेरिकी प्रतिनिधि को तलब कर आपत्ति जताई। यह घटनाक्रम भी बताता है कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान के लिए अभी भी विदेश नीति का केंद्रीय विषय बना हुआ है, जबकि भारत लगातार यह स्पष्ट करता रहा है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान की किसी कार्रवाई का जवाब देना जरूरी हो सकता है, लेकिन जवाब ऐसा होना चाहिए, जिससे भारत की जिम्मेदार और परिपक्व शक्ति की छवि मजबूत दिखाई दे। हाई कमीशन और एंबेसी के अंतर की बात भी इसी संदर्भ में समझना जरूरी है। कॉमनवेल्थ देशों के बीच आधिकारिक राजनयिक मिशन को सामान्यतः हाई कमीशन कहा जाता है, जबकि अन्य देशों में उसे एंबेसी कहा जाता है। दोनों का मूल काम राजनयिक संबंधों को संचालित करना ही है। इसलिए नाम अलग होने के बावजूद उनकी गरिमा और सुरक्षा का महत्व समान है। भारत का रुख स्पष्ट होना चाहिए। राजनयिक संबंध अपनी जगह हैं और देश के कानून अपनी जगह। पाकिस्तान हो या कोई दूसरा देश, तय नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। दिल्ली का बुलडोजर पाकिस्तान को यही संदेश देता है कि भारत अब एकतरफा दबाव या नियमों की अनदेखी को चुपचाप स्वीकार करने वाला नहीं है।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

> लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर 'भारतीय प्रशासन वाले कश्मीर' जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कश्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर कश्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है। आतंकी बिना किसी शोर-शराबे के मुस्लिम आबादी के बीच घुसपैठ करके हिंदुओं के विरुद्ध लक्षित हिंसा को परिणाम में बदलने में सफल हो जाते हैं। ऐसे हमलों में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं।

# कश्मीर पर अमेरिका का बदलता रुख

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले जम्मू-कश्मीर दौरे में यहां के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद कश्मीर को भारत का अभिन्न और अहम् भू-भाग बताया और सुरक्षा के लिहाज से सराहना की। अमेरिकी राजदूत का यह बयान अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के स्तर पर चौंकाने वाला होने के साथ अमेरिका और भारत के संबंधों में बदलाव का उल्लेखनीय संकेत है। लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर 'भारतीय प्रशासन वाले कश्मीर' जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कश्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर कश्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है।

याद रहे कि अमेरिका ने वर्ष 2018 से ही जम्मू-कश्मीर के तात्कालिक पूर्वी लद्दाख और लेह को छोड़कर अपने नागरिकों को यात्रा नहीं करने की चेतावनी दी हुई है। इस नसीहत को चौथी श्रेणी में रखा हुआ है। गोर ने फिलहाल इस यात्रा चेतावनी को कम करने का कोई संकेत नहीं दिया है, लेकिन उम्मीद है कि इस बिंदु पर अमेरिका यात्रा में छूट दे सकता है? हालांकि उस समय धारा-370 बहाल थी और घाटी में आतंकी संकट की छाया छाई रहती थी। अगस्त 2019 में धारा-370 और 35-ए को भारत सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते विलोपित कर दिया, उसी के बाद से कश्मीर में सुरक्षा संबंधी हालातों में निरंतर सुधार हो रहे हैं और पत्थरबाजी व अन्य आतंकी घटनाओं में कमी आई है। पहलगाम में आतंकी हमले के एक दिन बाद ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उक्त चेतावनी की फिर से पुष्टि करते हुए नई एडवाइजरी जारी कर दी थी, जो अभी भी लागू है। चूंकि गोर दक्षिण एशिया व मध्य एशियाई मामलों के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनकी कश्मीर यात्रा और दो टूक बयान की अपनी अलग अहमियत है। खासतौर पर तब, जब पाकिस्तान के संबंध भी अमेरिका के साथ फिलहाल मधुर बने हुए हैं और अमेरिका ईरान से लड़े जा रहे युद्ध में पाकिस्तान को अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रहा है। इस बयान से उमर अब्दुल्ला को भी बड़ा झटका लगा है, क्योंकि वे कुछ दिनों से धारा-370 की पुनर्बहाली की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान धर्म की घुट्टी पिलाकर 35 साल से भारत पर आतंकी हमले करता रहा है, जबकि उसे सबसे मुकम्मल उत्तर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया गया था। लेकिन वह बाज नहीं आ रहा है। कुत्ते की पूंछ की तरह पाक की पूंछ टेढ़ी ही बनी हुई है। गैर-कश्मीरियों और हिंदुओं की हत्या के लिए उसकी क्रूरता समाप्त नहीं हो रही है। जाहिर है, पाकिस्तान भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बदले को भूल गया है। उसे एक बार फिर करारा जवाब देना होगा। दरअसल, इस समय पाकिस्तान अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आजादी के आंदोलन से भी जूझ रहा है। वहां भी उसने निर्ममता बरतते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को भूनने का काम हाल ही में किया है। पाक की ये हरकतें इसलिए भी बरकरार हैं, क्योंकि ईरान हमले में उलझा अमेरिका



उसकी पीठ थपथपाने में लगा है। ऐसे में भारत को अनेक कूटनीतिक कदम उठाकर पाकिस्तान को विवश करना पड़ रहा है। अब जाकर उसे कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका का दो टूक जवाब मिला है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है, तो इसका एक बड़ा कारण मजहबी कट्टरता पर चोट नहीं कर पाना है। गोया, साफ है कि यह समस्या अब राजनीतिक व संवैधानिक नहीं रह गई है, बल्कि धार्मिक चरमपंथ के रूप में सामने आ रही है। इस हिंसक उन्माद का सोच पाकिस्तान से निर्यात आतंकवाद तो है ही, घाटी में कुकुरमुत्तों की तरह मस्जिदों और मदरसों में फैला, वह शिक्षा का तंत्र भी है, जो आतंक की फसल बोने और उगाने का काम करता है। यही वजह है कि जितने भी इस्लामिक देश हैं, उनमें न तो अल्पसंख्यकों का जनसंख्यात्मक घनत्व बढ़ रहा है और न ही उन्हें नागरिक समानता के अधिकार मिल रहे हैं। कश्मीर में भी जिहादी चाहते हैं कि गैर-मुस्लिम या तो इस्लाम स्वीकार करें या फिर घाटी छोड़ जाएं। मुस्लिमों की इस दोषपूर्ण मंशा को संविधान निर्माण के समय ही डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समझ लिया था। शेख अब्दुल्ला ने जब जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने की मांग की तो आंबेडकर ने सख्त लहजे में कहा था कि 'आप चाहते हो कि भारत कश्मीर की रक्षा करे, कश्मीरियों की आर्थिक सुरक्षा करे, कश्मीरियों को संपूर्ण भारत में समानता का अधिकार मिले, लेकिन भारत और अन्य भारतीयों को आप कश्मीर में कोई अधिकार देना नहीं चाहते? मैं देश का कानून मंत्री हूं और मैं अपने देश के साथ कोई अन्याय या विश्वासघात किसी भी हालत में नहीं कर सकता हूं।' विडंबना देखिए कि मुस्लिम समाज देश में हर जगह वृहद हिंदू समाज के बीच अपने को सुरक्षित पाता है, किंतु जहां कहीं भी हिंदू अल्पसंख्यक मुस्लिमों के बीच रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। बावजूद नेहरू के अनावश्यक दखल से कश्मीर को विशेष दर्जा मिल गया। इस भिन्नता का संकट देश बंटवारे से लेकर अब तक भुगत रहा है। यही वजह है कि इस बंटवारे के बाद पाकिस्तान से जो हिंदू, बौद्ध, सिख और दलित शरणार्थी के रूप में जम्मू-कश्मीर में ही ठहर गए थे, उन्हें मौलिक अधिकार धारा-370 हटने के बाद मिल पाए हैं। इनकी संख्या करीब 70-80 लाख है। पहलगाम हमले के बाद जितने भी आतंकी हमले कश्मीर में हुए हैं, उनमें से ज्यादातर की जिम्मेदारी भी टीआरएफ ने ली थी। यह लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा संगठन है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है। भारतीय सेना ने कोटली अब्बास में जिस आतंकी शिविरों को तबाह किया किया था, इसमें 1500 आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था। मुरीदके में जिस मरकज तैयबा को ध्वस्त किया गया था, यहां लश्कर का मुख्यालय माना जाता है। यहीं से मुंबई हमले के प्रमुख आतंकी अजमल कसाब ने प्रशिक्षण लिया था। इस जवाबी कार्यवाही के बाद भारत की कूटनीति अत्यंत सफल दिखाई दी थी, क्योंकि भारत का तत्काल अमेरिका, रूस और जापान ने खुलकर समर्थन किया था। अतएव इसमें कोई दो राय नहीं कि सीमापार स्थित ठिकानों से आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठनों के खिलाफ सेना और सुरक्षाबलों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। कश्मीर में आतंकी बने रहने का एक कारण यह भी है कि आतंकियों को मुस्लिम बहुल इलाकों में मुस्लिम होने के कारण संरक्षण आसानी से मिल जाता है। यही कारण है कि आतंकी बिना किसी शोर-शराबे के मुस्लिम आबादी के बीच घुसपैठ करके हिंदुओं के विरुद्ध लक्षित हिंसा को परिणाम में बदलने में सफल हो जाते हैं। ऐसे हमलों में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। अब अमेरिकी राजनयिक के कथन के बाद संभव है आतंकी हमलों पर अंकुश लगे!

## पुण्यतिथि विशेष
मोहित सिंगला



# बिस्मिल्लाह खान : शहनाई के सुरों में बसती एक सभ्यता

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि यहां कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि साधना, अध्यात्म और जीवन-दर्शन का स्वरूप मानी जाती है। इसी परंपरा को अपने जीवन और संगीत से साकार करने वाले महान कलाकार थे भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान। उन्होंने शहनाई जैसे पारंपरिक लोक वाद्य को विश्व के प्रतिष्ठित संगीत मंचों तक पहुंचाकर उसे भारतीय सांस्कृतिक पहचान का वैश्विक प्रतीक बना दिया। उनके हाथों में शहनाई केवल एक वाद्य नहीं रहती थी, बल्कि वह गंगा की लहरों, मंदिरों की घंटियों, सूफी दरगाहों की रूहानियत और भारत की साझी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत स्वर बन जाती थी। 21 मार्च 1916 को बिहार के डुमरांव रियासत में जन्मे बिस्मिल्लाह खान का वास्तविक नाम कमरुद्दीन था। बचपन में ही वे अपने परिवार के साथ काशी (वाराणसी) आ गए। यही प्राचीन नगरी उनके व्यक्तित्व, संगीत और आध्यात्मिक चेतना की कर्मभूमि बनी। काशी की गलियों, गंगा के घाटों, मंदिरों की आरती और लोकजीवन की ध्वनियों ने उनके भीतर संगीत की ऐसी संवेदना जगाई, जिसने आगे चलकर उन्हें विश्व का सर्वश्रेष्ठ शहनाई वादक बना दिया। उनके मामू उस्ताद अली बख्श काशी विश्वनाथ मंदिर में शहनाई बजाते थे। बालक बिस्मिल्लाह घंटों बैठकर उनके सुरों को सुनते और धीरे-धीरे स्वयं भी इस वाद्य के प्रति आकर्षित होते गए। महज छह वर्ष की आयु में



उन्होंने शहनाई सीखनी शुरू कर दी। आगे चलकर उनका जीवन कठोर अनुशासन और अथक साधना का पर्याय बन गया। प्रतिदिन प्रातःकाल गंगा स्नान, मां मंगला गौरी के दर्शन और फिर गंगा तट स्थित बालाजी मंदिर में घंटों रियाज उनकी नियमित दिनचर्या का हिस्सा था। कहा जाता है कि लगभग 16 वर्षों तक उन्होंने निरंतर इसी स्थान पर साधना की। यही तप उन्हें संगीत के उस शिखर तक ले गई, जहां प्रतिभा भी साधना के सामने नतमस्तक दिखाई देती है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का संगीत भारत की सांस्कृतिक विविधता में निहित एकता का अद्भुत उदाहरण था। वे जन्म से मुस्लिम थे, लेकिन उनकी आत्मा काशी की संस्कृति में पूरी तरह रची-बसी थी। मंदिरों में शहनाई बजाना, मां गंगा के प्रति अगाध श्रद्धा और संगीत को ईश्वर की आराधना मानना उनके व्यक्तित्व की ऐसी विशेषताएं थीं, जिन्होंने उन्हें सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत प्रतीक बना दिया। उनके लिए संगीत किसी धर्म, भाषा या सीमा में बंधा नहीं था; वह मानवता की सार्वभौमिक भाषा था। 15 अगस्त 1947 की ऐतिहासिक सुबह, जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब दिल्ली के लाल किले से उनकी शहनाई की मंगलध्वनि ने स्वतंत्र भारत के नए युग का स्वागत किया। यह क्षण भारतीय इतिहास का अमर अध्याय बन गया। इसके बाद उन्होंने अनेक देशों में अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय शास्त्रीय संगीत का परचम लहराया। जहां भी उनकी शहनाई गूंजी, वहां श्रोताओं ने केवल सुर नहीं सुने, बल्कि भारत की आत्मा का स्पर्श महसूस किया। विश्वभर से अनेक आकर्षक प्रस्ताव मिलने के बावजूद उन्होंने वाराणसी को कभी नहीं छोड़ा। जब उनसे विदेश में बसने का आग्रह किया गया तो उन्होंने सहज भाव से कहा कि यदि वहां गंगा और काशी मिल जाएं तो वे अवश्य चले जाएंगे। इस उत्तर में केवल अपने शहर के प्रति प्रेम ही नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का सम्मान भी था, जिसने उनके संगीत को जन्म दिया था। भारतीय संगीत और संस्कृति में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप तथा वर्ष 2001 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया गया। किंतु उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान श्रोताओं का प्रेम और संगीत की साधना थी। 21 अगस्त 2006 को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान इस संसार से विदा हो गए, लेकिन उनकी शहनाई आज भी समय की सीमाओं को पार करती हुई सुनाई देती है।

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
**दर्शन**

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

# भरा गिलास लेकर मंदिर की परिक्रमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूंगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोली- मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपशप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहा- सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोली- आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहा- एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नहीं चाहिए। महिला बोली- में ऐसा कर सकती हूं फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछे- 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोली- नहीं मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोले- जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नहीं दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जब अपनों के बीच ही असुरक्षित हो जाए बुढ़ापा

बुढ़ापा जीवन का वह पड़ाव है, जहां व्यक्ति को सबसे अधिक सहारे, सम्मान और अपनत्व की आवश्यकता होती है। जिस माता-पिता ने अपने बच्चों को पालने, पढ़ाने और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया, उसी उम्र में यदि उन्हें अपने ही घर में उपेक्षा, अपमान या असुरक्षा का सामना करना पड़े तो यह केवल एक परिवार की समस्या नही रह जाती, बल्कि पूरे समाज के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा करती है। इसी संवेदनशील मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने देश का ध्यान बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा की ओर खींचा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और भरण-पोषण सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए कानून के तहत ट्रिब्यूनल जरूरत पड़ने पर बच्चों को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने का आदेश दे सकता है। अदालत ने कहा कि बढ़ती उम्र का अर्थ असुरक्षा, उपेक्षा या अपमान नहीं होना चाहिए।

*- राजीव शर्मा, हिसार*

## करंट अफेयर

# प्रिंस हैरी और पत्नी मेगन बच्चों के साथ लौटेंगे ब्रिटेन

प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन ने ब्रिटेन लौटने का फैसला किया है लेकिन वे शाही परिवार के कामकाजी सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं दोबारा नहीं संभालेंगे। समाचारपत्र 'डेली टेलीग्राफ' की खबर के अनुसार, दंपति के बच्चों प्रिंस आर्ची (सात) और प्रिंसेस लिलिबेट (पांच) का ब्रिटेन के विद्यालयों में दाखिला हो चुका है और वे सितंबर से अपनी पढ़ाई शुरू करेंगे। खबर के मुताबिक, यह परिवार लंदन के बाहर एक निजी आवास में रहेगा। हैरी और मेगन ने छह साल से अधिक समय पहले शाही जिम्मेदारियां छोड़ दी थीं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र जीवन जीने के लिए कैलिफोर्निया चले गए थे।



## ऑफ बीट

# युवावस्था में भांग का सेवन बढ़ाता है मनोविकृति के खतरे

भांग यानी कैनाबिस का 20 और 30 की उम्र में सेवन करने वाले लोगों में गैर-उपयोगकर्ताओं की तुलना में मनोविकृति (साइकोसिस) की शुरुआत कई साल पहले ही होने की आशंका होती है। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। 'बायोलॉजिकल साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इससे उस धारणा को चुनौती मिलती है कि 25 की उम्र तक भांग का सेवन शुरू नहीं करने से मनोविकृति के जोखिम से बचा जा सकता है, क्योंकि माना जाता है कि इस उम्र तक मस्तिष्क का विकास पूरा हो जाता है।



## ट्रेंड

### रक्षा प्रौद्योगिकी



जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी के साथ सार्थक बैठक की। हमने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने, "मेक इन इंडिया" पहल के तहत रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

-**राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### मुस्लिम तुष्टीकरण



कांग्रेस आज भी मुस्लिम लीग और मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति से आगे नहीं बढ़ पाई है। 1937 में, मुस्लिम लीग के दबाव में कांग्रेस ने 'वंदे मातरम' के केवल दो पद ही स्वीकार किए थे। यह विडंबना है कि इतने वर्षों बाद भी कांग्रेस उसी पुराने प्रस्ताव को उसी रूप में दोहराकर वही गलती कर रही है।

- **रविशंकर प्रसाद**, सांसद, भाजपा

### नाकामियां



राजस्थान के स्कूलों की हालत कुछ जर्जर है, तो कहीं बच्चे विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं... लेकिन सुधार करने के बजाय, सरकार लोगों को स्कूलों में घुसने से रोक रही है और फोटोग्राफी पर पाबंदियां लगा रही है। वह अपनी नाकामियों को छिपा रही है।

- **सचिन पायलट**, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### राजीव गांधी को नमन



राजीव गांधी ने भारत के युवाओं में न केवल भविष्य देखा, बल्कि भविष्य को आकार देने की शक्ति भी देखी। गुडविल डे पर उस युवा सोच, उस दूरदर्शिता और भारत के उस सपने को नमन, जो आज भी हर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने को प्रेरित करता है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## संक्षेप

### ऑटो रिक्शा पलटने से युवक गंभीर घायल, सीएचसी चर्दा रेफर

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र में रविवार को रुपईडीहा पेट्रोल पंप के पास एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी चर्दा भेजा गया।रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार, हादसे में मनोज कुमार पुत्र गोबरे यादव, निवासी बक्सीगांव, थाना रुपईडीहा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया गया कि रुपईडीहा पेट्रोल पंप के समीप ऑटो रिक्शा पलटने के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल की मदद की। इसके बाद घायल मनोज कुमार को उपचार के लिए सीएचसी चर्दा भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। हादसा किस कारण हुआ, इसकी स्थिति भी स्पष्ट की जा रही है।

### शातिर चेन स्नैचर कालिया गिरफ्तार

**131 से ज्यादा चेन स्नेचिंग कर चुका है, 39 मुकदमे दर्ज हैं**

अमेठी, पुलिस ने प्रदेश के कई जिलों में चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी सत्येंद्र निषाद उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। उसके एक साथी गगनप्रीत सिंह को भी पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक, कालिया वर्ष 2010 से चेन स्नैचिंग कर रहा है और अब तक 131 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ 39 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि कुल 56 मुकदमों में उसकी संलिप्तता की बात सामने आई है। पुलिस अब उसकी चल-अचल संपत्ति की भी जांच करेगी। महिला से चेन लूट के बाद शुरू हुई तलाश मामला 13 अगस्त का है। कमरौली थाना क्षेत्र की यूपीएसआईडीसी कॉलोनी में एक महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात हुई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने अमेठी से अयोध्या तक करीब 125 किलोमीटर के दायरे में 500 से अधिक उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में बाइक सवार संदिग्ध कई जगह नजर आया। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। लूटी चेन, कैश और बाइक बरामद गिरफ्तार आरोपी की पहचान सत्येंद्र उर्फ कालिया पुत्र मुनेश्वर निवासी कनोसी मानक नगर, लखनऊ के रूप में हुई है। उसके साथी गगनप्रीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी आर्या नगर, लखनऊ को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई चेन, 10 हजार रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। 2010 से कर रहा चेन स्नैचिंग पुलिस के अनुसार, कालिया वर्ष 2010 से चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

# धर्म और समाजसेवा के पुरोधा बाबा केदारनाथ अग्रवाल का निधन

## रामलीला कमेटी के संरक्षक का 94 वर्ष की आयु में निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं धार्मिक गतिविधियों से लंबे समय से जुड़े बाबा केदारनाथ अग्रवाल (94) का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही रुपईडीहा नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा केदारनाथ अग्रवाल के नाम से प्रसिद्ध केदारनाथ अग्रवाल का पूरा जीवन धर्म, समाजसेवा और सामाजिक एकता के लिए समर्पित रहा। वे अपने सरल, सहज, मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के कारण हर वर्ग के लोगों के बीच लोकप्रिय थे। नगर में होने वाले धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी सक्रिय सहभागिता रहती थी। केदारनाथ अग्रवाल व्यापार मंडल रुपईडीहा के महामंत्री पद पर कई वर्षों तक रहे। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों को लेकर भी वे सदैव सक्रिय रहे। व्यापारी समाज में उनकी अलग पहचान थी और लोग उनसे मार्गदर्शन लेने के लिए सदैव उनके पास पहुंचते थे। धार्मिक क्षेत्र में भी उनका विशेष योगदान रहा। श्री राम जानकी मंदिर, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर तथा अन्य धार्मिक आयोजनों से उनका गहरा जुड़ाव रहा। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के जमुनहा में आयोजित होने वाले होलिका दहन कार्यक्रम में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। इसके अलावा रुपईडीहा की प्रसिद्ध रामलीला के आयोजन से वे लंबे समय से जुड़े रहे और रामलीला कमेटी के कार्यों में अपना मार्गदर्शन एवं सहयोग देते रहे। वर्तमान में वे रामलीला कमेटी रुपईडीहा के संरक्षक के पद पर सेवारत थे। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में उनके अनुभव और मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता था। उनके निधन से रामलीला कमेटी सहित धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को बड़ी क्षति हुई है। परिजनों के अनुसार, बाबा केदारनाथ अग्रवाल का अंतिम संस्कार गायघाट में किया जाएगा। उनके अंतिम दर्शन एवं अंतिम संस्कार में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल होने की संभावना है। उनके निधन पर रामलीला कमेटी रुपईडीहा, व्यापार मंडल, श्री राम जानकी मंदिर समिति, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि बाबा केदारनाथ अग्रवाल का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना जीवन समाज और धर्म की सेवा में लगाया तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सेवा और सामाजिक समर्पण की मिसाल कायम की। शोक व्यक्त करने वालों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# आदर्श समाज सेवा समिति ने रुपईडीहा कोतवाल से की औपचारिक मुलाकात

**नवागत चौकी प्रभारी बाबागंज को किया सम्मानित**

**कानून व्यवस्था व बेस्ट पुलिसिंग को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा से रविवार को औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान कोतवाल रुपईडीहा के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर विचार-विमर्श हुआ। रुपईडीहा कोतवाल हरेंद्र कुमार मिश्रा ने समिति पदाधिकारियों से कानून-व्यवस्था एवं जनहित से जुड़े मामलों में आपसी सहयोग बनाए रखने की बात कही। तत्पश्चात समिति पदाधिकारियों ने पुलिस चौकी बाबागंज पहुंच कर नवागत चौकी प्रभारी बाबागंज मानवेन्द्र प्रताप सिंह से भी मुलाकात की तथा अंगवस्त्र, डायरी पेन व सम्मान पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा आमजन की समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। इस मौके पर आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, महामंत्री जगराम वर्मा, विधिक सलाहकार नन्दकिशोर वर्मा, जिला सलाहकार रामबरन वर्मा, शाहिद हुसैन, नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, संदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नवागंतुक थानाध्यक्ष रामगांव की धरपकड़ में 20 को किया गया गिरफ्तार

**कार्यवाही से अपराधियों में भय का माहौल**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर रामगांव थानाध्यक्ष दिवाकर तिवारी के नेतृत्व में टीम ने अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 20 आरोपितों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया। थानाध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि गठित भिन्न-भिन्न पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के क्रम में संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। विभिन्न प्रकरणों में 18 वारंटियों को हिरासत पुलिस लिया गया। इसमें तारापुर खुर्द निवासी सहाबुद्दीन व मुन्ना समेत अन्य की गिरफ्तारी के समय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों व निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा चौकी प्रभारी राणा राज सिंह, हेमन्त सिंह, नंद किशोर सिंह, उपनिरीक्षक हरी राम यादव, रचना सिंह, हेड कांस्टेबल सत्यानन्द यादव, सुरेंद्र कुमार वर्मा, रणधीर मौर्या, दीपक यादव, विष्णु प्रताप सिंह, इन्द्रेश यादव, आशुतोष प्रजापति, सोनू यादव, कृष्ण कुमार चौधरी, अंकित सिंह, बादल सिंह, महिला आरक्षी रंजना, प्रतिमा प्रजापति, विभा तिवारी, रिंकी, ममता आर्या आदि शामिल रहे।

# ईद-ए-मीलादुन्नबी पर शांति-सौहार्द को लेकर पुलिस ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। आगामी पर्व ईद-ए-मीलादुन्नबी को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से संपन्न कराने को लेकर रविवार को रुपईडीहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आपसी भाईचारा कायम रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद-ए-मीलादुन्नबी का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। सभी लोग पर्व को अपनी पारंपरिक परंपराओं के अनुसार शांतिपूर्ण एवं अच्छे माहौल में मनाएं। किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि न की जाए, जिससे दूसरे समुदाय की भावनाएं प्रभावित हों या क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो। थाना प्रभारी ने पर्व के दौरान जुलूस, धार्मिक कार्यक्रमों, ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा अन्य आयोजनों को लेकर प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में केवल दो साउंड सिस्टम लगाने की अनुमति रहेगी। आयोजकों से कहा गया कि निर्धारित संख्या से अधिक साउंड सिस्टम का प्रयोग न करें और ध्वनि की तीव्रता को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप रखें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचें। किसी व्यक्ति को कोई समस्या या विवाद की स्थिति दिखाई देती है तो वह तत्काल पुलिस को सूचना दे, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने पुलिस-प्रशासन को आश्वस्त किया कि ईद-ए-मीलादुन्नबी का पर्व क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। बैठक के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए लोगों ने पर्व से संबंधित व्यवस्थाओं और स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं पर भी चर्चा की।

# नेपाल गंज रोड से रेल का सपना फिर अधूरा, पांचवीं बार तारीख निरस्त

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के लोगों को नेपाल से प्रस्तावित रेल सेवा शुरू होने का इंतजार एक बार फिर बढ़ गया है। नेपाल से रेल संचालन की प्रस्तावित तारीख पांचवीं बार निरस्त होने से यात्रियों और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों में निराशा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, अग्रिम आदेश मिलने तक रेल सेवा शुरू नहीं की जाएगी। लगातार तारीख बदलने से लोगों में मायूसी बढ़ रही है। यात्रियों का कहना है कि रेल संचालन को लेकर बार-बार तारीख घोषित होने और फिर निरस्त होने से उनकी उम्मीदों को झटका लग रहा है। गौरतलब है कि रुपईडीहा नेपालगंज रेलखंड पर रेल संचालन को लेकर पहले भी तकनीकी और सुरक्षा निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। जनवरी 2026 में रेलवे की तकनीकी टीम ने रुपईडीहा स्टेशन और रेलखंड का निरीक्षण किया था, जिससे नियमित रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद मजबूत हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेल सेवा शुरू होने से भारत और नेपाल के बीच यात्रियों के आवागमन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। अब लोगों की नजर रेलवे की ओर से मिलने वाले अगले आधिकारिक आदेश पर टिकी है।



# थाना मोतीपुर में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। आगामी पर्व त्यौहार बारावफात व जन्माष्टमी को लेकर थाना मोतीपुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुंप सिंह, तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म गोंड ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की गाइडलाइन के बारे में भी अवगत कराया और कहा कि पर्व त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं किसी भी प्रकार की कोई भी अराजकता ना फैलाएं। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस का सहयोग ले। थाना प्रभारी ने लोगों से क्षेत्र की समस्या के बारे में जानकारी चाही तो ग्रामीणों ने किसी भी प्रकार की समस्या होने से इनकार किया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया जाएगा किसी प्रकार का कोई भी वाद विवाद क्षेत्र में नहीं है। इस मौके पर विभिन्न गांव के ग्राम प्रधान संभ्रांत व्यक्ति व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैंप के तीसरे दिन कैडेट्स ने सीखा अनुशासन, नेतृत्व और सैन्य प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। लॉर्ड बुद्ध पीजी कॉलेज परिसर में चल रहे संयुक्त एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रविवार को कैडेट्स ने विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण एवं अनुशासनात्मक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया। 21 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित इस शिविर में कैडेट्स को शारीरिक दक्षता के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, टीम भावना और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से परिचित कराया जा रहा है। शिविर के दौरान कैडेट्स ने प्रशिक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए निर्धारित अभ्यासों को पूरा किया। प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें समयबद्धता, अनुशासन का पालन, सामूहिक रूप से कार्य करने तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। इस अवसर पर कैंप के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनुराग गंगवार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित की जाती है। उन्होंने कैडेट्स से शिविर की प्रत्येक गतिविधि में पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ भाग लेने का आह्वान किया। वहीं सूबेदार मेजर विनय घोष के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को टीम भावना के साथ कार्य करने और नेतृत्व क्षमता को व्यवहारिक रूप से विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के सुचारु संचालन में लॉर्ड बुद्ध पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ. हरिश्चंद्र एवं डॉ. यशपाल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कॉलेज प्रशासन की ओर से शिविर में शामिल कैडेट्स के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. यशपाल के निर्देशन में कॉलेज परिसर में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, हाइजीन तथा अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि कैडेट्स को प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। एनसीसी अधिकारियों के अनुसार शिविर के आगामी दिनों में कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, शारीरिक दक्षता और राष्ट्रसेवा की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेट्स भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे हैं। दस दिवसीय शिविर के शेष दिनों में भी कैडेट्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रहेंगे। कॉलेज परिसर में आयोजित इस शिविर को लेकर कैडेट्स में उत्साह बना हुआ है और वे प्रशिक्षण के माध्यम से नए कौशल एवं अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

# हरियाली तीज सेलिब्रेशन का देवा रिसाल्ट में किया गया भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा वाजपेई के द्वारा कस्बे की महिलाओं के साथ कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया गया।

अध्यक्ष ने राधा बल्लभ ग्रुप ,दुर्गा मंदिर ग्रुप, एवं कस्बे की महिलाओं के साथ सावन के महीने में हरियाली तीज पर्व मनाने की पहल की उनके साथ सुहागिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करके अखंड सौभाग्य के लिए निर्जला व्रत रखा और इस दिन सोलह सिंगार का सामान माता पार्वती को अर्पित करके महिलाएं हरे रंग के वस्त्र व आभूषण पहनकर हाथों में मेहंदी लगाकर पारंपरिक गीत गाकर झूला झूलकर, डांस करके पर्व को हंसी खुशी से मनाया। इसके बाद सभी लोगों ने आपस में बैठकर गेम खेलकर काफी मनोरंजन किया। लखनऊ सुंदर कांड टीम का भी विशेष आकर्षण रहा।

नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा वाजपेई व उनके पति सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा ने आई हुई सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया सभी महिलाओं ने इस सम्मान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

# मारपीट करने वाले आधा दर्जन लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव में हुई गाली गलौज व मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीडितों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के परेदा गांव निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार की शाम पत्नी के साथ खेत से वापस घर लौट रहा था अभी वह नहर पटरी मार्ग पर पहुंचा था तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी राहुल, विनोद व श्री कृष्ण उर्फ सोनू गाली-गलौज करने लगे विरोध किया तो मारपीट करने लगे जिस पर पत्नी अर्चना ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से निकल गए वहीं दूसरी घटना में अफजल नगर गांव निवासी रानी पत्नी सजीवन यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देवर सर्वेश यादव गांव किनारे बने फूस के बंगले था इसी बीच गांव निवासी देवराज, दीपू व राजपाल उसके साथ गाली-गलौज करने लगे जब विरोध किया तो मारपीट करने लगे यह देख वह और पति सजीवन बचाने दौडे तो हमारे साथ भी मारपीट करने लगे इस दौरान गले में पडा सोने का माला कहीं गिर गया सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में पीडितों की तहरीर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# समोसे का लालच देकर नाबालिग से रेप की कोशिश

**साइकिल पर बैठाकर जंगल ले गया, लोगों ने पीटकर कर पुलिस को सौंपा**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कोहंडौर नगर पंचायत क्षेत्र में 9 वर्षीय बालिका को समोसा खिलाने और रुपए देने का लालच देकर बहला-फुसलाकर जंगल ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक बालिका को साइकिल पर बैठाकर कटारी प्राथमिक विद्यालय के पीछे जंगल की ओर ले गया और वहां उसके साथ अश्लील हरकत की। आसपास मौजूद लोगों की नजर पड़ने पर उन्होंने युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी युवक को थाने ले गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज और जांच के आधार पर आरोपी की पहचान बिजरा गांव निवासी आनंद सिंह के रूप में हुई। स्थानीय लोगों की सूचना और बालिका के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है। एसओ अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि बालिका के पिता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### समोसा और रुपए का लालच देकर साइकिल पर बैठाया

बताया गया कि कस्बे के ही एक वार्ड में रहने वाला युवक बालिका को समोसा खिलाने और रुपए देने का लालच देने लगा। आरोप है कि बालिका को बहला-फुसलाकर उसने अपनी साइकिल पर बैठाया और कटारी प्राथमिक विद्यालय के पीछे जंगल की तरफ ले गया। परिजनों के मुताबिक, बालिका को इस तरह अपने साथ ले जाने के बाद युवक ने वहां उसके साथ अश्लील हरकत की। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों की नजर दोनों पर पड़ गई।

## संक्षेप

### पुलिस चौकी के पास मेडिकल स्टोर में चोरी

**लाखों की नकदी और दवाएं चोरी, व्यापारियों ने कार्रवाई की मांग की**

बागपत , खेकड़ा कस्बे में एक मेडिकल स्टोर में चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने बाजार पुलिस चौकी से मात्र 30 मीटर की दूरी पर स्थित इस स्टोर से लाखों रुपये की नकदी और महंगी दवाएं चुरा लीं। घटना गुरुवार रात की है।24 घंटे बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने से व्यापारी नाराज हैं और चोरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। बाजार पुलिस चौकी के पास पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के निकट आबिद अली का मेडिकल स्टोर है। गुरुवार रात बदमाशों ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने पहले गल्ले में रखी नकदी निकाली और फिर दुकान में रखी कीमती दवाएं भी अपने साथ ले गए। सुबह जब मेडिकल स्टोर संचालक आबिद अली दुकान पर पहुंचे, तो शटर के ताले टूटे देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर दवाइयां बिखरी पड़ी थीं और गल्ला खाली था। उन्होंने तत्काल बाजार पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें बदमाश चोरी करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने आबिद अली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आबिद अली के अनुसार, चोर 75 हजार रुपये की नगदी और लाखों रुपये की महंगी दवाइयां चुरा ले गए हैं। इस घटना से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने मौके पर इकट्ठा होकर चोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और जल्द खुलासे की मांग की है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीमें घटना के खुलासे के लिए काम कर रही हैं और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी

**पुलिसकर्मी पर नशे में होने का आरोप, दंपति गंभीर घायल, जांच शुरू**

बागपत , बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में हरियाणा निवासी एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि कार चला रहा व्यक्ति एक पुलिसकर्मी था और वह नशे की हालत में था। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कथित पुलिसकर्मी नशे की हालत में लड़खड़ाता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने नशे में धुत पुलिसकर्मी को बचाने का प्रयास किया और घायल दंपति को अस्पताल भेजने में देरी की। बताया जा रहा है कि आरोपी पुलिसकर्मी डायल 112 पर तैनात है और वह अपनी निजी कार से बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में आया था। टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार एक विद्युत पोल से भी टकरा गई। स्थानीय लोगों और घायल बाइक सवार विजेंद्र (हरियाणा निवासी) ने पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विजेंद्र ने इस संबंध में कोतवाली प्रभारी को एक आवेदन भी दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सीओ अंशु जैन ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

# 100 साल की कार्ययोजना बनाएंगे: डिप्टी सीएम

## जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाएंगे, प्रदेश भर में करा रहे सर्वे

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए अब 100 साल की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। रविवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नगर निगम, स्वास्थ्य, सिंचाई, गंगा प्रदूषण समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मकसद सिर्फ बारिश के बाद पानी निकालना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था तैयार करना है जिससे आने वाले दशकों में दोबारा शहर को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को फिर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते जरूरी कदम उठाए गए होते तो आज ऐसी स्थिति नहीं बनती। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि कार्यालय में बैठकर कागजी रिपोर्ट तैयार करने के बजाय मौके पर जाएं और जलभराव के वास्तविक कारणों को समझें। प्रयागराज के साथ प्रदेश के दूसरे बड़े शहरों में भी विशेषज्ञ कंपनियों की मदद से सर्वे कराकर स्थायी समाधान का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।

### रामबाग और राजापुर समेत कई इलाकों पर नजर

बैठक में विधायकों और पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जलभराव और जलनिकासी से जुड़ी समस्याएं बताईं। डिप्टी सीएम ने ऐसे इलाकों को चिह्नित करने के निर्देश दिए, जहां बारिश के दौरान बड़े पैमाने पर पानी भरता है। रामबाग में शहर के बड़े हिस्से का पानी पहुंचने से होने वाले जलभराव के तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए। राजापुर समेत दूसरे प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर मौके का निरीक्षण कराने को कहा गया है। राजापुर में हनुमान मंदिर के आसपास सीवर लाइन और जलनिकासी की समस्या को लेकर अलग रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

### सीवर लाइन से लेकर पानी की निकासी तक होगा अध्ययन

प्रयागराज समेत प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों में सीवरेज और जलभराव की स्थिति का विशेषज्ञ कंपनियों से अध्ययन कराया जा रहा है। सर्वे के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार होगी। इसे अंतिम रूप देने से पहले संबंधित जनप्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। प्रस्तुतीकरण में बताया जाएगा कि किस इलाके में नई सीवर लाइन की जरूरत है, कहां पुरानी पाइपलाइन बदलनी होगी और पानी की निकासी के लिए किस जगह क्या व्यवस्था जरूरी है।

# 15 साल की गर्लफ्रेंड से मिलने प्रयागराज से पंजाब पहुंचा

## बॉयफ्रेंड शादी करने की बात कहकर भगा ले गया; परिवार बोला- बेटी से रेप किया

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, लुधियाना में रह रही 15 साल की गर्लफ्रेंड से मिलने उसका बॉयफ्रेंड करीब 1000 किलोमीटर दूर प्रयागराज से पहुंच गया। यहां उसने पहले लड़की को घर से बाहर बुलाया और फिर शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। परिवारवालों को जब बेटी के गायब होने का पता चला, तो उन्होंने तलाश शुरू की। करीब 2 हफ्ते तक कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवारवालों ने पुलिस को बॉयफ्रेंड का मोबाइल नंबर दिया ।पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की, तो दोनों के फोकल पॉइंट इलाके में होने का पता चला। शनिवार सुबह परिवार वहां पहुंचा और लड़की को सड़क पर घूमते हुए पकड़ लिया। कुछ देर बाद बॉयफ्रेंड भी वहां पहुंच गया। परिवारवालों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। परिवारवालों का कहना है कि बॉयफ्रेंड ने बेटी से रेप किया है। पुलिस अब लड़की का मेडिकल टेस्ट करवाएगी, जिससे पता चल सके कि उसके साथ रेप हुआ या नहीं। प्रयागराज के एक ही गांव के रहने वाले हैं दोनोंः लड़की के भाई के मुताबिक, बॉयफ्रेंड भी प्रयागराज जिले के उसी गांव का रहने वाला है, जहां उनका परिवार रहता है। दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानते हैं। करीब 2 साल पहले लड़की अपने माता-पिता के साथ लुधियाना आ गई थी। बाद में माता-पिता गांव लौट गए, जबकि वह यहां अपने भाई-भाभी के साथ रहने लगी। इसी दौरान लड़की की अपने बॉयफ्रेंड से फोन पर बातचीत शुरू हो गई।

# एसएसपी के तबादले के बाद धरना खत्म कराने पहुंचे अफसर

**मेरठ में 40 मिनट तक चली बातचीत, रवि बोले- कार्रवाई तक आंदोलन जारी रहेगा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , एसएसपी अविनाश पांडेय के तबादले के बाद पुलिस-प्रशासन ने रवि गौतम का धरना खत्म कराने की कोशिश की। नए एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति शाम एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले और एडीएम सिटी बृजेश कुमार सिंह कमिश्नरी पार्क पहुंचे ।दोनों अफसरों ने रवि से बातचीत की और आंदोलन खत्म करने की अपील की। अफसरों ने कहा कि एसएसपी अविनाश पांडेय का तबादला हो चुका है। बाकी मांगों पर भी नियमानुसार विचार किया जाएगा। रवि ने कहा कि वह अपनी चारों मांगों पर कार्रवाई चाहते हैं। इसके बाद ही धरना खत्म करेंगे। बंद कमरे में बातचीत के सुझाव पर भी उन्होंने आपत्ति जताई और कहा कि आगे की वार्ता धरनास्थल पर ही होगी। आखिरकार दोनों अफसरों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

### बंद कमरे में बातचीत के सुझाव पर भड़के रवि

अफसरों ने रवि से बंद कमरे में बातचीत करने का सुझाव दिया। इस पर वह और उनके समर्थक नाराज हो गए। रवि ने कहा कि अब बंद कमरे में कोई बातचीत नहीं होगी। जिसे भी बात करनी है, वह धरनास्थल पर आकर बात करे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के व्यवहार से उन्हें डर लगता है। इसके बाद मौके पर काफी देर तक गहमागहमी रही। समर्थकों ने ह्यजय भीमह्न के नारे लगाए। धीरे-धीरे कमिश्नरी पार्क में लोगों की भीड़ भी बढ़ गई। रवि बोले- कार्रवाई होने तक कोई वार्ता नहीं रवि गौतम ने कहा कि पुलिस के ह्यबॉसह्न चले गए हैं। अब अफसर आंदोलन खत्म कराने का प्रयास कर रहे हैं

# बेकाबू कंटेनर ने कांवड़ियों के वाहन को 50 मीटर घसीटा

## दो महिला समेत 10 घायल, पुलिस ने लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाया, तीन गंभीर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,लालकुर्ती थाना क्षेत्र के टैंक चौराहे पर देर रात डाक कांवड़ लेकर एटा लौट रहे कांवड़ियों के जत्थे पर तेज रफ्तार कंटेनर कहर बनकर टूट पड़ा। सड़क किनारे खड़ी कांवड़ियों की पिकअप में कंटेनर ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसे करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में दो महिला समेत 10 कांवड़िया घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पिकअप आगे जाकर हाईटेंशन लाइन के खंभे से टकराई, तब जाकर रुकी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कंटेनर चालक वाहन से कूदकर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। एटा के सेना कला गांव से करीब 40 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से जल लेने के लिए रवाना हुआ था। डाक कांवड़ियों के साथ कलश कांवड़ भी मौजूद थी। सभी कांवड़ियों ने हर की पैड़ी से गंगाजल उठाया और डाक कांवड़ के रूप में एटा के लिए वापसी शुरू कर दी। जत्थे का नेतृत्व सर्वेंद्र कर रहे थे। यात्रा के दौरान कांवड़िये अलग-अलग समूहों में आगे बढ़ रहे थे।

### टैंक चौराहे के निकट रुका था पिकअप

रात करीब 12:15 बजे जत्था लालकुर्ती क्षेत्र के टैंक चौराहे पर पहुंचा। बताया गया कि जत्थे के कुछ कांवड़िये सड़क पर दौड़ते हुए आगे निकल रहे थे, जबकि उनके साथी पिकअप वाहन के साथ टैंक चौराहे पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान मोदीपुरम की ओर से तेज रफ्तार में आया कंटेनर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़ी कांवड़ियों की पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर पिकअप को अपने आगे धकेलते हुए करीब 50 मीटर तक घसीटता चला गया। पिकअप में मौजूद कांवड़ियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद कांवड़िये और राहगीर मदद के लिए दौड़े। कुछ दूरी पर पिकअप हाईटेंशन लाइन के खंभे से टकराई तो जाकर उसकी रफ्तार थमी। गनीमत रही कि वाहन हाईटेंशन लाइन की चपेट में नहीं आया वरना हादसा और भयावह हो सकता था ।कंटेनर चालक फरार, पुलिस मौके पर पहुंची हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही लालकुर्ती थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह और इंस्पेक्टर सदर बाजार अखिलेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने आसपास मौजूद लोगों और कांवड़ियों की मदद से घायल कांवड़ियों को क्षतिग्रस्त पिकअप से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

# रवि गौतम का धरना जारी, पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**ललिता गौतम हत्याकांड में मुकदमे वापसी और अन्य पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,ललिता गौतम हत्याकांड से जुड़े मामले में दलित संगठन के नेता रवि गौतम का अनिश्चितकालीन धरना कमिश्नरी पार्क में जारी है। यह धरना दलित संगठन पर हुए लाठीचार्ज और पूर्व एसएसपी अविनाश पांडे द्वारा रवि गौतम को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के विरोध में किया जा रहा है। रवि गौतम ने जिला प्रशासन से अनुमति लेकर यह प्रदर्शन शुरू किया है। यह मामला रोहटा क्षेत्र के थिरोट गांव की निवासी ललिता गौतम से संबंधित है। ललिता अपने परिवार के साथ रोहटा रोड स्थित गगन विहार कॉलोनी में रहती थी और आर.जी. कॉलेज में पढ़ती थी। 15 मई 2026 को वह लापता हो गई थीं, और 17 मई को उनका शव गांव के जंगल से बरामद हुआ था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर टीपी नगर थाने में मुकदमा दर्ज कर कल्याणपुरी निवासी अंकुश को गिरफ्तार किया था ।दलित संगठन के सदस्य ललिता गौतम को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने कलेक्ट्रेट जा रहे थे। इस दौरान कलेक्ट्रेट का गेट बंद कर दिया गया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। आरोप है कि तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडे ने मौके पर पहुंचकर बलपूर्वक प्रदर्शनकारियों को हटाया। इसी दौरान एसएसपी पर रवि गौतम को पुलिस हिरासत में लेकर थप्पड़ मारने का आरोप भी लगा था ।इस घटना के बाद प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पीड़ित परिवार की मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करवाई थी। मुख्यमंत्री से आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों पर से गंभीर धाराएं हटा दी गई थीं।

# स्टेशन के पास मिली युवक की लाश

## परिजन बोले-सुबह घर से सही-सलामत निकला था, शाम को मिली मौत की खबर

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , मोदीनगर नार्थ स्टेशन के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान महेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी जितेंद्र सिसोदिया (37) के रूप में हुई है। वह सुबह घर से किसी काम के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शाम करीब 4 बजे परिजनों को उसकी मौत की जानकारी मिली। परिजन शव को घर लेकर पहुंचे और डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मोदीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। सुबह घर से निकला, शाम को मौत की खबर मिली परिजनों के मुताबिक, जितेंद्र शुक्रवार सुबह घर से निकला था। बाद में एक पड़ोसी ने उसकी मौत की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव को घर ले आए। जितेंद्र की चार साल की बेटी हर्षा है। परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से काम नहीं कर रहा था। यह भी बताया गया कि वह शराब का सेवन करता था। सुबह वह एक परिचित के साथ मेट्रो स्टेशन के नीचे शराब पी रहा था। मौत की वजह अभी साफ नहीं पुलिस के अनुसार, अभी तक युवक की मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी मोदीनगर आनंद प्रकाश ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपा नेताओं से मारपीट मामले में 8 पुलिसकर्मी लाइनहाजिर

## मेरठ में चार्ज संभालते ही नए कप्तान का एक्शन, थाना के सभी स्टाफ पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सपा नेताओं की पिटाई के आरोपी 8 पुलिस वालों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। नए एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने देर रात इस मामले में एक्शन लेते हुए सिविल लाइन के इंस्पेक्टर समेत सभी 8 स्टाफ पर कार्रवाई की है। उन्होंने चार्ज संभालते ही सबसे पहले इसी प्रकरण पर एक्शन लिया है। इस प्रकरण की जांच डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह कर रहे हैं। ऐसे में जांच प्रभावित न हो इसलिए सिविल लाइन थाने के स्टाफ को लाइन हाजिर किया गया है। सपा नेता दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव ने सिविल लाइन थाना के पुलिसकर्मियों पर थाने में बेहरमी से पिटाई का आरोप लगाया था।

### इंस्पेक्टर बोले- कप्तान साहब के आदेश का पालन किया

सपा नेता की ओर से लगाए गए आरोप पर इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार गौड़ से बात की तो उन्होंने बताया, मैं तो वहां बाद में पहुंचा था। मुझे जो आदेश कप्तान साहब की ओर से दिया गया था, मैंने उसका पालन किया। मेरठ में ललिता गौतम हत्याकांड में प्रदर्शनकारियों पर थप्पड़ बरसाने वाले अविनाश पांडेय पर सपा नेता ने मारपीट के आरोप लगाए हैं। सपा नेता डॉ. दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव ने दावा किया कि ने उन्हें अपने चैंबर में गालियां दीं। बुरी तरह से मारा-पीटा। अपने बूट से ताबड़तोड़ वार किए। उन्हें अंदरूनी चोटें आईं और उनकी एक आंख भी सूज गई। दिग्विजय ने सपा विधायक अतुल प्रधान के आवास पर चोटिल आंखों पर पट्टी बांधकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अपने घाव दिखाकर फूट-फूटकर रोए। कहा- हमें नहीं पता था कि ररढ हमसे नफरत पालकर बैठे थे। उन्होंने हमें तब तक पीटा, जब तक हम बेहोश नहीं हो गए। इंस्पेक्टर सिविल लाइन अखिलेश गौड़ हमें होश में लाकर बार-बार बर्बरता करते रहे ।हालांकि, मेरठ पुलिस ने आरोपों को निराधार बताया है। कहा कि दोनों हिस्ट्रीशीटर हैं। उनको चोटें स्कूटी से गिरने की वजह से आई हैं। इस बीच, एडीजी मेरठ भानु भास्कर ने सहारनपुर अभिषेक सिंह को मामले की जांच सौंपी है। इससे पहले, देर रात अविनाश पांडेय को हटाकर पुलिस हेडक्वॉर्टर से अटैच कर दिया गया था।

# नाली विवाद, दो पक्षों में मारपीट

## लाठी-डंडे चले, दोनों ओर से 4 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव में सुबह 9 बजे नाली की सफाई को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस मामलेके दोनों पक्षों ने की शाम 4 बजे पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 2 बजे हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करने लगे। मारपीट में कुल चार लोग चोटिल हुए हैं ।एक पक्ष के सतवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी सरजीत ने नाली से निकला कीचड़ उनके घर के सामने डाल दिया था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो सरजीत ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उन पर और उनके परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सतवीर के अनुसार, उनके परिवार के दो सदस्य घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष के बिजेंद्र ने आरोप लगाया है कि उनका भतीजा सरजीत अपने घर के सामने नाली की सफाई कर रहा था। सतवीर और उनके परिजनों ने इस पर आपत्ति जताई और बाद में उन पर हमला कर दिया। बिजेंद्र ने दावा किया कि इस हमले में उनके परिवार के कई लोग घायल हुए हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली

## ग्रेटर नोएडा में शिक्षक और कर्मचारी बोले- हमारा भविष्य सुरक्षित करें

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर शाम 4 बजे 'पेंशन तिरंगा यात्रा' निकाली गई। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के आह्वान पर यह यात्रा जिला मुख्यालय से शुरू हुई। इसमें सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को बुलंद किया। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने पुरानी पेंशन को कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। उन्होंने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से इस आंदोलन में एकजुट होकर शामिल होने का आग्रह किया। जिला महामंत्री जगवीर भाटी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा और कर्मचारियों को उनका अधिकार मिलने तक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखा जाएगा। इस तिरंगा यात्रा में प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष उमेश राठी, जिला प्रवक्ता विजेंद्र सिंह, डॉ. विजेंद्र सिंह, एसपी कर्दम, वीरेंद्र विश्वकर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नौरंगी देवी, उषा चौधरी, नीरज सिंह, संजना, नेहा पांचाल, पुष्पा नूर, शीतल, मीरा, भूरा सिंह बेनीवाल, संजय राठी, छत्रपाल सिंह, उमेश कुमार, संजय खारी, यतीश कुमार शर्मा, अंबा प्रकाश, जिला संरक्षक हरलाल सिंह, रोहतास कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष कादरी प्रमोद कुमार, मुख्तियार सिंह, मनवीर सिंह, मुकेश गुप्ता, टीटू सिंह, जगदीश चंद्र, सकरुद्दीन, गजराज, उमर वेग और दीपक भाटी सहित सैकड़ों शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नोएडा में घूमकर बाइक चोरी करते थे, 4 गिरफ्तार

## 12 मोटरसाइकिल बरामद; दिल्ली-हरियाणा, चंडीगढ़ और यूपी में भी वारदात

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-39 थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही से अलग-अलग राज्यों से चोरी की गई 12 मोटरसाइकिल, वारदात में इस्तेमाल वैगनार कार और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि प्रताप (26), विमल शाक्य उर्फ सूर्या (23), प्रशांत सिंह (21) और दीपांशु (23) के रूप में हुई है। चारों मूल रूप से मैनपुरी के रहने वाले हैं और फिलहाल गौतमबुद्धनगर में अलग-अलग स्थानों पर किराये के मकानों में रह रहे थे।

### वैगनार से घूमकर करते थे बाइक की रैकी

पुलिस के अनुसार आरोपी वैगनार कार से नोएडा और एनसीआर के इलाकों में घूमते थे। सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों की रैकी करने के बाद मौका देखकर उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी की बाइक को किसी सुरक्षित स्थान पर छिपा दिया जाता था।

# विद्यालयों के औचक निरीक्षण में शिक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की जांच, अधिकारियों ने दिए आवश्यक निर्देश

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।उपजिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्ली मारकुंडी एवं प्राथमिक विद्यालय बिल्ली-2 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, रसोईघर की नियमित साफ-सफाई रखने तथा शौचालय एवं मूत्रालयों को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में शैक्षणिक परिवेश संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के साथ-साथ स्वच्छता एवं विद्यार्थियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।इसी अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी चोपन अजीत कुमार यादव ने प्राथमिक विद्यालय वर्दियां एवं प्राथमिक विद्यालय चुनहिया टोला का निरीक्षण किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी चोपन लोकेश मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालय करगरा एवं प्राथमिक विद्यालय करगरा पश्चिमी टोला का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।अधिकारियों ने कहा कि विद्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान विद्यालयों में छात्र उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं शैक्षणिक वातावरण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

# गरौठा रेंज में संगीतमय रामचरित मानस पाठ का हुआ आयोजन



### आज होगा शिवजी का रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा। गरौठा रेंज अंतर्गत क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को संगीतमय अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन बामौर रेंज के तहत हुआ। पंडित महेश रिछारिया ने विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ कराया। अखिलेश यादव (धगुवा वाले) की रामचरित मानस पाठ मंडली ने सुंदर अखंड पाठ प्रस्तुत किया। वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक ने बताया कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कार्यक्रम का समापन होगा।इस अवसर पर रेंज परिसर स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक और हवन-पूजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी वनाधिकारी झांसी विकास यादव और रेंज कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# कांवड़ यात्रा को के लेकर पुलिस अधीक्षक ने रात्रि भ्रमण कर सुरक्षा, कानून- व्यवस्था का लिया जायजा

**पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ यात्रियों से किया संवाद, कुशलक्षेम पूछकर सुरक्षा एवं सुविधा का लिया जायजा, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सावन मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था, कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड़ यात्रा मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर आवागमन की स्थिति तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण की ड्यूटी चेक करते हुए उनकी सतर्कता एवं मुस्तैदी का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा कानून- व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी रखते हुए पूरी सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मार्ग से गुजर रहे कांवड़ यात्रियों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी गई तथा यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी, असुविधा अथवा समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों के प्रति आश्वस्त किया गया।पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा यात्रा मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही रात्रि के समय विशेष सतर्कता बरतते हुए मार्गों पर लगातार भ्रमण एवं निगरानी की जाए, जिससे कांवड़ यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन के साथ-साथ जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर प्रभावी पुलिसिंग की जा रही है।

## खास समाचार

# गरौठा में आज निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा

**तैयारियां पूर्ण, प्रशासन ने शिव मंदिर मार्ग का लिया जायजा**



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कस्बा गरौठा में सोमवार को निकलने वाली भव्य कांवड़ यात्रा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तहसील एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह जुटा हुआ है। रविवार को एसडीएम गरौठा सुनील कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने नदी उस पार स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान जेसीबी से रास्ते की साफ-सफाई कराने के साथ विद्युत व्यवस्था भी दुरुस्त कराई गई। एसडीएम सुनील कुमार ने कहा कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। आज सोमवार को गरौठा क्षेत्र के सैकड़ों कांवड़िए एरच स्थित पवित्र बेत्रवन्ती नदी से जल भरकर गरौठा पहुंचेंगे और नदी उस पार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव जी का जलाभिषेक करेंगे।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 07 वारण्टी एवं 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष किया गया प्रस्तुत।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज के कुशल नेतृत्व में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 07 वारण्टी अभियुक्तों एवं 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# राजन इंटरनेशनल एकेडमी में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग संपन्न, अभिभावकों ने शिक्षकों से साझा की बच्चों की प्रगति

अमन लेखनी समाचार

बस्ती/राजन इंटरनेशनल एकेडमी में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार एवं विद्यालय की गतिविधियों के बारे में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और उनके बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध निदेशक शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। बच्चों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना विद्यालय की प्राथमिकता है। शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में नियमित रूप से सहयोग करने और उनकी गतिविधियों पर सकारात्मक नजर रखने की अपील की।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**फरियादियों की शिकायतों का किया गया गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण**

**जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा ₹थाना समाधान दिवस₹ आयोजित कर जनसुनवाई की गई तथा शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय द्वारा थाना अनपरा पर तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय द्वारा थाना शाहगंज पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनसुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त अनेक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किए जाने पर बल दिया गया, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

# कक्षाओं तक पहुंच रही प्रशासन की निगरानी, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयी व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत पर सीधी नजर

**अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का नियमित स्थलीय निरीक्षण, बच्चों से संवाद कर परखा जा रहा शैक्षणिक स्तर**

**बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील ग्रहण कर अधिकारी स्वयं जांच रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वाद एवं स्वच्छता**

**प्रत्येक अधिकारी को हर सप्ताह न्यूनतम 5 विद्यालयों के निरीक्षण एवं कमियों के त्वरित सुधार के निर्देश.**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। जनपद के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का नियमित स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के माध्यम से विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए कमियों को समयबद्ध रूप से दूर कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारी कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद कर उनके पठन-पाठन, उपस्थिति एवं सीखने के स्तर का आकलन कर रहे हैं। बच्चों से पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछकर शैक्षणिक गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति भी परखी जा रही है। मिड-डे मील की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता, स्वाद, स्वच्छता एवं निर्धारित मेन्यू के अनुपालन का प्रत्यक्ष सत्यापन कर रहे हैं। साथ ही विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, विद्युत, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक अधिकारी को हर सप्ताह न्यूनतम 5 विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा निरीक्षण में पाई गई कमियों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य केवल कमियां चिन्हित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को बेहतर विद्यालय, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। बच्चों के भविष्य से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की नियमित और प्रभावी निगरानी प्रशासन की प्राथमिकता है।

# सनबीम विद्यालय में छात्र -छात्राओं को यातायात नियमों एवं पीएम राहत योजना के प्रति किया गया जागरूक

**यातायात पुलिस टीम ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात संकेतों के पालन के लिए किया प्रेरित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात सुधीर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात नरेन्द्र सिंह एवं उपनिरीक्षक यातायात तीरथ लाल द्वारा सनबीम विद्यालय, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, यातायात संकेतों एवं सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पीएम राहत योजना के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।यातायात पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करने तथा सड़क पर सावधानीपूर्वक आवागमन करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

# कांवड़ियों की सेवा के लिए आगे आ रहे औद्योगिक समूह

**ग्रीनको और झरिया अनंत ऊर्जा व जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कांवड़ियों के लिए कराया भंडारे का आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पवित्र श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में कांवड़ श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सेवा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में सोनभद्र में औद्योगिक समूह भी कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। ग्रीनको यू.पी.-01 आईआरईपी प्रा. लि. और झरिया अनंत ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कांवड़ यात्रियों के लिए भंडारा एवं जलपान शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के दिशा- निर्देशन में जिला प्रशासन की ओर से कांवड़ यात्रियों के लिए यात्रा मार्गों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से औद्योगिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों को भी श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### कैथी में 24 अगस्त तक चलेगा भंडारा

पवित्र श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के अवसर पर ग्रीनको की ओर से 22 अगस्त से कैथी में विशाल भंडारे की शुरूआत की गई। यह भंडारा 24 अगस्त तक चलेगा। यहां कांवड़ श्रद्धालुओं को भोजन एवं जलपान उपलब्ध कराया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान भोजन एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। औद्योगिक समूह की इस पहल से सेवा, सहयोग और सामाजिक सहभागिता की भावना को भी बढ़ावा मिल रहा है। बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री भंडारे का लाभ उठा रहे हैं।

### धनरौल डैम पर भी लगाया गया सेवा शिविर

इससे पहले झरिया अनंत ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 21 एवं 22 को तार घर, सिंचाई विभाग, धनरौल डैम में कांवड़ यात्रियों की सेवा एवं सुविधा के लिए भंडारा एवं जलपान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं जेएसडब्ल्यू एनर्जी पीएसपी सिक्स लिमिटेड ने भी शनिवार को कैंथी राबर्ट्सगंज (धर्मशाला घोरावल रोड) पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जहां पर बड़ी संख्या में कांवड़ यात्रियों ने भोजन, जलपान सहित उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही प्रशासन को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निदेशों के अनुरूप जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं के साथ औद्योगिक समूहों की सामाजिक सहभागिता कांवड़ यात्रियों के लिए सहूलियत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# एक हफ्ते से खराब पड़ी डीपी, बरमाइन के ग्रामीण परेशान



अमन लेखनी समाचार

ककरबई (झांसी)। थाना ककरबई क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरमाईन में माता मंदिर के पास टूटी प्रजापति के बाड़े के समीप रखी विद्युत डीपी करीब एक सप्ताह से खराब पड़ी है। इसके चलते आसपास के उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि डीपी खराब होने के बाद उन्होंने लगातार चार दिनों तक संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को फोन कर समस्या की जानकारी दी। एक बार लाइनमैन मौके पर पहुंचा और डीपी खराब होने की पुष्टि की, लेकिन इसके बाद भी उसे ठीक कराने या बदलने की कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार उमस भरी गर्मी और बरसात के मौसम में बिजली न होने से परेशानी बढ़ गई है। रात में अंधेरा रहने के कारण जहरीले कीड़े-मकौड़ों का भी डर बना हुआ है। पावर हाउस ककरबई और गुरसरांय के कर्मचारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल नई डीपी लगाकर विद्युत आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन की पहली फिल्म की रिलीज तारीख आई

मुंबई। गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन आहूजा जल्द ही बॉलीवुड में अपनी धमाकेदार शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'हीरो की हॉररॉइन' है, जो हॉरर, कॉमेडी और रोमांस का एक बहुत ही दिलचस्प मिश्रण होगी। इस फिल्म में यशवर्द्धन के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री नितंशी गोयल मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। दर्शकों के बीच रोमांच और हंसी का तड़का लगाने वाली यह बहुप्रतीक्षित फिल्म आगामी 7 जनवरी, 2027 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में यशवर्द्धन आहूजा और नितंशी गोयल के अलावा जेमी लीवर, चंकी पांडे, बृजेंद्र काला, सुनीता आहूजा और सिमरत कौर रंधावा जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# आलिया ला रहीं अपनी पहली हॉरर फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोहम शाह ने आलिया के फिल्म में होने की बात बताते हुए कहा है कि 'तुम्बाड़' की कहानी अब और आगे बढ़ रही है और इसका एक नया चैप्टर शुरू हो रहा है। इस फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं।

आलिया भट्ट फिल्म 'तुम्बाड़ 2' के जरिए पहली बार हॉरर फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ सोहम शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आएंगे। हाल ही में शूटिंग के सेट पर आलिया को एक धारीदार शर्ट और पोनीटेल वाले साधारण लुक में देखा गया है। खबर है कि फिल्म के कुछ सीन नदी के किनारे और एक पुराने किले में शूट किए गए हैं। सोहम शाह ने आलिया के फिल्म में होने की बात बताते हुए कहा है कि 'तुम्बाड़' की कहानी अब और आगे बढ़ रही है और इसका एक नया चैप्टर शुरू हो रहा है। इस फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं।

ये सीक्वल पहली फिल्म के मुख्य विषयों जैसे लालच, डर और इंसानी स्वभाव को और गहराई से दिखाएगा। फिल्म की टीम ने मुंबई में लगभग 7-8 एकड़ में एक बहुत बड़ा सेट बनाया है, जो बिल्कुल किसी शहर जैसा दिखाई देता है। 'तुम्बाड़ 2' फिल्म 3 दिसंबर 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सोहम शाह ने कहा, एक पापी अतीत, एक डरावना भविष्य। भूख बढ़ती है, लालच का सिलसिला जारी है... अपने कैलेंडर में ये तारीख याद रखें 3 दिसंबर, 2027.



हॉलीवुड मसाला




## जॉम्बी थ्रिलर... ने मचाया गदर

लॉस एंजिल्स। अगर आपको जॉम्बी थ्रिलर और सर्वाइवल मूवीज पसंद हैं तो, नेटफ्लिक्स पर एक्सटाइशन 2015 को आप एक बार देख सकते हैं। 1 घंटे 50 मिनट की इस फिल्म में आपको एक अलग ही हॉरर देखने को मिलेगा। फिल्म में दिखाते हैं कि लोगों के काटने से सब जॉम्बी बन जाते हैं इन्हीं सब के बीच में अपनी जान बचाते हुए 3 लोग बचते हैं। जो एक ही परिवार के होते हैं, लेकिन किसी वजह से वो एक-दूसरे के ऐसे पड़ोसी बन जाते हैं जो आपस में बात नहीं करते।




## 36 की उम्र में 'हीरोज' फेम एक्ट्रेस हेडन का निधन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बेहद दुखी खबर सामने आई है। टीवी सीरीज 'हीरोज' में अपनी जादुई एक्टिंग से घर-घर में पहचान बनाने वाली मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस हेडन पेनेटिएर का महज 36 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनका जन्मदिन 21 अगस्त को रहा और निधन 17 अगस्त को हो गया। हेडन ने बहुत छोटी उम्र में ही अभिनय की दुनिया में कदम रख दिया था. हालांकि, उन्हें ग्लोबली पहचान साल 2006 की सुपरहिट साइ-फाई सीरीज 'हीरोज' में क्लेयर बेनेट के रोल से मिली। शो का मशहूर डायलॉग सेव द चीयरलीडर, सेव द वर्ल्ड आज भी फैंस के दिलों और जुबां पर छाया हुआ है। उन्होंने म्यूजिकल ड्रामा सीरीज 'नेशविले' में जूलियट बार्न्स का रोल निभाया था, जिसके लिए उन्होंने खूब तारीफें बटोरीं थी।



## रणबीर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी...


मुंबई। दीपिका पादुकोण इस वक्त अल्लू अर्जन की आगामी फिल्म 'राका' में व्यस्त चल रही हैं। उधर अभिनेता रणबीर कपूर भी अपनी आगामी पौराणिक फिल्म 'रामायण' को रिलीज करने की तैयारी में जुटे हैं। इस परियोजना के बाद, अभिनेता 'ब्रह्मास्त्रः भाग 2' की शूटिंग शुरू करेंगे जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। हालिया अपडेट है कि फिल्म में दीपिका शामिल हो सकती हैं। निर्माता फिल्म में 'अमृता' का किरदार निभाने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं। पिंकविला के मुताबिक, परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि 'ब्रह्मास्त्रः भाग 2' के निर्माता फिल्म में दीपिका को शामिल करने का मन बना रहे हैं। उन्होंने कहा, अयान मुखर्जी और मुख्य टीम दीपिका को इस परियोजना में शामिल करने को लेकर आश्वस्त हैं।



## 'आवारापन 2' ने अब तक कमाए 170 करोड़

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। 14 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज 8 दिनों में दुनियाभर में करीब 170 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित और विशेष व मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित यह फिल्म साल 2007 में आई हिट फिल्म 'आवारापन' का सीक्वल है, जो इमरान हाशमी के करियर की एक बड़ी और सफल फिल्म बन गई है। आठवें दिन इस फिल्म ने भारत में 5.50 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसकी कुल घरेलू कमाई अब 119 करोड़ रुपये हो गई है। उधर विदेशों से 1 करोड़ रुपये मिलने के बाद कुल वैश्विक कमाई 169.17 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। फिल्म के 8वें दिन 9,858 शो चले और सिनेमाघरों में 15.19 प्रतिशत लोग फिल्म देखने आए।

टीवी मसाला



## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में कौन है सबसे अमीर प्रतियोगी

मुंबई। रोहित शेट्टी का रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। शो में टीवी और मनोरंजन जगत के कई चर्चित सितारे खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे हैं। इस सीजन में गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, अविका गौर और हर्ष गुजराल समेत कई सेलेब्स हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में शो के प्रतियोगियों की कुल संपत्ति जानना भी दिलचस्प होगा।

### आइए जानते हैं कौन कितनी संपत्ति का मालिक है-

***गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक और अविनाश मिश्रा :*** 'बिग बॉस 19' का खिताब जीतने के बाद अब गौरव खन्ना ने 'केकेके 15' में हिस्सा लिया है, वहीं गौरव की नेटवर्थ की बात करें तो वो 18 करोड़ रुपये के मालिक हैं। इस सीजन में टीवी की मशहूर अभिनेत्री रुबीना दिलैक भी खतरनाक स्टंट करती हुई नजर आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी संपत्ति 30-31 करोड़ रुपये है। अभिनेता अविनाश मिश्रा भी रोहित शेट्टी के शो में हैं। उनकी नेटवर्थ करीब 5 से 7 करोड़ रुपये है।

***जैस्मिन भसीन, अविका गौर और हर्ष गुजराल :*** जैस्मिन भसीन खतरों से खेलती हुई नजर आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, वो करीब 41 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं।'बालिका वधू' से घर-घर में मशहूर हुई अविका गौर ने भी इस शो में प्रतियोगी के रूप में हिस्सा लिया है। अविका की नेटवर्थ करीब 30-35 करोड़ रुपये है। स्टैंड-अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल शो मे अपनी कॉमेडी के साथ-साथ एक्शन का तगड़का लगाते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी संपत्ति करीब 10-12 करोड़ रुपये है।

***ओरी, ऋत्विक धनजानी और फरहाना भट्ट :*** सोशल मीडिया पर मशहूर ओरी यानी ओरहान अवत्रामणि भी इस शो में नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओरी की नेटवर्थ करीब 80 करोड़ रुपये है। ऋत्विक धनजानी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी नेटवर्थ की बात करें तो वो करीब 25 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। फरहाना भट्ट का नाम भी इस सूची में शामिल हैं। फरहाना इस शो में नजर आ रही हैं। उनकी नेटवर्थ करीब 2-3 करोड़ रुपए है।

## 'रामायण' से 'राका' तक, एक ही फिल्म में अलग-अलग अवतारों से चौंकाने आ रहे ये सितारे

मुंबई। भारतीय सिनेमा का सबसे पुराना और हिट फॉर्मूला 'डबल रोल' अब एक भव्य अवतार में लौट रहा है। अब ये केवल बिछड़े जुड़वां भाइयों या हीरो-विलेन के घिसे-पिटे ड्रामे तक सीमित नहीं है। आज के निर्देशक इसका इस्तेमाल अलग-अलग समयकाल, पीढ़ियों और पौराणिक कथाओं को जोड़ने के लिए कर रहे हैं। 'रामायण' से लेकर 'टॉक्सिक' और 'राका' जैसी बड़ी फिल्मों में बड़े सितारे एक ही कहानी में 2 बिल्कुल अलग किरदारों से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं।

**अल्लू अर्जुन (राका) :** एटली के निर्देशन में बन रही 'राका' एक बड़े पैमाने की साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा' की सफलता और एटली के रिकॉर्ड के चलते इस प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त माहौल बना हुआ है। खबरों के मुताबिक, अल्लू इस फिल्म में डबल या कई अलग-अलग किरदार में नजर आएंगे, जिसे लेकर निर्माताओं ने काफी सस्पेंस बनाया हुआ है। इस पैन-इंडिया फिल्म में दीपिका पादुकोण और



रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिकाओं में शामिल हैं।

**रणबीर कपूर (रामायण) :** नितेश तिवारी की भव्य फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर एक बेहद चुनौतीपूर्ण डबल रोल में नजर आएंगे। वो इस पौराणिक महाकाव्य में भगवान राम के साथ-साथ भगवान परशुराम का किरदार भी निभा रहे हैं। एक ही पौराणिक दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन दोनों किरदारों की ऊर्जा, व्यक्तित्व और कहानी में भूमिकाएं एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। इस 2 भागों वाली फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी (सीता) और यश (रावण) मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**यश (टॉक्सिक) :** गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में यश एक गैंगस्टर के अवतार में नजर आएंगे। खबर है कि फिल्म में यश एक से ज्यादा किरदारों में दिखेंगे, जिससे पिता-पुत्र के टकराव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। यश के मुख्य किरदार का नाम 'राया' सामने आया है, जबकि बाकी जानकारियों को गोपनीय रखा गया है। इस फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणि वसंत और हुमा कुरैशी जैसी अभिनेत्रियां भी शामिल हैं।

**प्रभास (फौजी और स्पिरिट) और कार्थी (सरदार 2) :** प्रभास भी 2 बड़ी फिल्मों में डबल धमाका करते नजर आ सकते हैं। एक ओर उन्हें हनु राघवपुडी की फिल्म 'फौजी' में डबल रोल में देखा जाएगा, वहीं संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' में भी उनकी दोहरी भूमिका की चर्चाएं हैं। दूसरी ओर अभिनेता कार्थी फिल्म 'सरदार 2' में एक बार फिर अपने दोहरे अवतार में लौट रहे हैं।

## चिरंजीवी के 71वें जन्मदिन पर प्रशंसकों को तोहफा, 'काका' का दमदार टीजर रिलीज

मुंबई। मेगास्टार चिरंजीवी ने अपने 71वें जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए अपनी अगली फिल्म के नाम की घोषणा कर दी है। बॉबी कोली के निर्देशन में बनी उनकी इस फिल्म का नाम 'काका' रखा गया है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के चुनिंदा सिनेमाघरों में इस फिल्म का एक टीजर रिलीज किया गया है। 'वाल्टेयर वीरय्या' के बाद इस जोड़ी की ये दूसरी फिल्म है, जिसे केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया जा रहा है।

*चिरंजीवी का नया अवतार :* फिल्म की झलक में चिरंजीवी एक नए अवतार और अनोखे तेवर मे नजर आ रहे हैं। इसमें उन्हें रावुलपालेम की 'अम्माजी एक्वा इंडस्ट्रीज' में काम करने वाले सुपरवाइजर सत्यम के रूप में दिखाया गया है। शुरुआत के कुछ मिनट समुद्री भोजन और मछली के कारोबार की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं, जहां झींगा, मछली और तटीय इलाके के काम-काज को दिखाया गया है। इससे सत्यम एक आम और साधारण जिंदगी जीने वाले मेहनतकश इंसान के रूप में नजर आते हैं।



*टीजर का खूंखार मोड़ :* टीजर का दूसरा भाग इस माहौल को पूरी तरह बदल देता है। इसमें अचानक गोलियों की आवाज, हिंसा और सत्यम का एक ऐसा रूप सामने आता है, जिसका झींगा या मछली के कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है। ये झलक 71 साल के सुपरस्टार के एक बिल्कुल नए खूंखार और एक्शन से भरपूर अंदाज को दिखाती है, जो उनके पिछले किरदारों से एकदम अलग है। चिरंजीवी के इस टीजर ने दर्शकों के रोमांच को कई गुना बढ़ा दिया है।

### ये बड़े स्तर पर बनाई जाने वाली पौराणिक जंगल एडवेंचर फिल्म होगी

## धनुष-करीना की जोड़ी पर लगी मोहर, भंसाली की फिल्म में होगा बड़ा धमाका

*मुंबई। हाल ही में खबरें सामने आई थीं कि संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनने वाली एक हिंदी फिल्म के लिए करीना कपूर से संपर्क किया गया है। धनुष का नाम फिल्म के लिए पहले ही तय हो चुका है। अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। निर्देशक एस मिथरन ने एक हालिया इंटरव्यू में पुष्टि की है कि धनुष और करीना का नाम फिल्म के लिए लगभग तय है।*


### निर्देशक ने बताई सच्चाई

निर्देशक बोले, बातचीत अभी जारी है और दोनों कलाकारों की तारीखों को देखा जा रहा है, ताकि उनकी उपलब्धता की पुष्टि की जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस प्रोजेक्ट को लेकर कुछ अच्छी खबर सामने आएगी। फिल्म को लेकर अगस्त की शुरुआत से ही बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा में चर्चा तेज है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये बड़े स्तर पर बनाई जाने वाली पौराणिक जंगल एडवेंचर फिल्म होगी, जिसे लेकर दर्शकों में भी उत्सुकता बनी हुई है।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म फिलहाल लेखन के चरण में है और इसकी स्क्रिप्ट को फाइनल करने से पहले कई बार दोबारा लिखा जा चुका है। निर्माता प्रोजेक्ट को लेकर काफी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन नवंबर 2026 से शुरू होने की उम्मीद है, जबकि इसकी मुख्य शूटिंग जनवरी 2027 में शुरू हो सकती है। अगर फिल्म तय योजना के मुताबिक आगे बढ़ती है तो ये मिथरन की बॉलीवुड में बतौर निर्देशक पहली फिल्म होगी।





### 'दायरा' में भी नजर आएंगी करीना

करीना जल्द ही फिल्म 'दायरा' में भी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं, जबकि इसमें करीना के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। 'दायरा' की कहानी और कलाकारों की जोड़ी इसे खास बनाती है। ये फिल्म 18 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'दायरा' सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक क्राइम थ्रिलर है, जिसमें अपराध, कानून, न्याय और सजा जैसे मुद्दों को दिखाया जाएगा

### पहली बार साथ काम करेंगे भंसाली और करीना

इस फिल्म के जरिए करीना-भंसाली करीब 2 दशक बाद पहली साथ काम करेंगे। उनके बीच 2000 के दशक की शुरुआत में अनबन की खबरें आई थीं। भंसाली ने फिल्म 'देवदास' में पारो के रोल के लिए करीना से बात की थी और उनका स्क्रीन टेस्ट भी लिया था, लेकिन बाद में उन्होंने ऐश्वर्या राय बच्चन को पारो के रोल के लिए चुन लिया। इस बात से करीना काफी नाराज हुई थीं। उन्होंने भंसाली के फैसले को गलत बताया था।